26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 29 अप्रैल, 2026

अंक- 184 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## गंगा एक्सप्रेस-वे का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

# बोले- ये यूपी के विकास की नई लाइफलाइन



**हरदोई ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यहां 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया और इसी के साथ ही उत्तर प्रदेश के अवसंरचना विकास में एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। यह राज्य की कनेक्टिविटी और आर्थिक महत्वाकांक्षाओं में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने स्थल पर एक पौधा लगाया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ एक्सप्रेसवे पर पैदल चलकर इसके डिजाइन और विशेषताओं का जायजा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक, साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी भी उपस्थित थे। ग्रीनफील्ड गंगा एक्सप्रेसवे की आधारशिला दिसंबर 2021 में स्वयं प्रधानमंत्री ने रखी थी। लगभग 36,230 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित यह परियोजना विश्व स्तरीय अवसंरचना की दिशा में राज्य के प्रयासों को दर्शाती है। उद्घाटन से पहले, प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित एक प्रदर्शनी का भी दौरा किया, जिसमें राज्य के विस्तारित एक्सप्रेसवे नेटवर्क को प्रदर्शित किया गया था। यह एक्सप्रेस-वे प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ने वाली नई लाइफलाइन साबित होगा। इसके साथ ही यह औद्योगिक विकास, स्वरोजगार और रोजगार के नए अवसर पैदा कर कई जिलों के आर्थिक विकास में मील का पत्थर बनेगा।

# मोदी ने काशी विश्वनाथ में पूजा की, त्रिशूल लहराया



**वाराणसी ( एजेंसी/चिंगारी )।** काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह में 20 मिनट तक पूजा-अर्चना की। पांच पंडितों ने उन्हें पूजा कराई, माला पहनाई और त्रिपुंड लगाया। पीएम मंदिर से बाहर निकले तो भाजपा नेताओं ने उन्हें त्रिशूल और डमरू भेंट किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने त्रिशूल उठाकर लहराया। पीएम 14 किलोमीटर लंबा रोड शो करते हुए विश्वनाथ मंदिर पहुंचे थे। गेट पर 108 बटुकों ने शंखनाद के साथ उनका स्वागत किया। मंदिर में पीएम बच्चों से भी मिले और उनसे बातचीत की। इससे पहले, पीएम के रोड शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों पर डांस करते नजर आए।


बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

( गुदा रोग विशेषज्ञ )

आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर



शोक सन्देश



श्री संतोष कुमार गोयल जी

अत्यंत दु:खा के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारे परमपूज्य पिता जी का स्वर्गवास
दिनांक 20 अप्रैल, 2026 दिन सोमवार को हो गया था।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी आत्म शान्ति हेतु
श्रृद्धांजलि कार्यक्रम निम्नानुसार है -

रस्म-तेहरवीं

दिनांक : 30 अप्रैल, 2026 दिन बृहस्पतिवार

हवन....................................प्रात: 08:00 बजे

स्थल : निज निवास मौ० अचारजान, बिजनौर

ब्रह्मभोज................................प्रात: 12:00 बजे

रस्म पगड़ी...........................दोपहर 02:00 बजे

शोक सभा स्थल : शहनाई बैंकेट हॉल, जजी रोड, बिजनौर

शोकाकुल परिवार

अनुज गोयल (सोनू) पुत्र, राजकुमार अग्रवाल, नवीन अग्रवाल (भाई),
शालिनी गोयल (पुत्र वधु), लव अग्रवाल, कुश अग्रवाल, दिवयांश अग्रवाल (भतीजे)
जयदेव गोयल, श्रेयमन गोयल,एकाक्ष गोयल (पौत्र)
अंजलि रस्तौगी, शालिनी अग्रवाल-विजय अग्रवाल, आरती वैश्य-नीरज वैश्य (पुत्री-दामाद)
एवं समस्त परिवारजन

प्रतिष्ठान : गोयल ट्रेडर्स, अनाज मण्डी, बिजनौर, कुमार बुक डिपो, झालू (बिजनौर)

मो0 9412568185, 9456951508, 9761940932

# विपक्षी दलों ने रोकी महिलाओं के आरक्षण की सुविधा : अशोक राणा

## महिला सम्मेलन के उपरांत निकाली जन आक्रोश रैली



रैली निकालते हुए महिलाएं।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित सुमंगलम फार्म हाउस में आज जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में विधायक अशोक राणा ने कहा कि विपक्षी दलों ने देश की आधी आबादी को मिलने वाले आरक्षण की सुविधा को रोक दिया है। अब पता नहीं इनको लागू करने में कितना समय लगेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हुई हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने कहा कि पार्टी संगठन में महिलाओं को विशेष स्थान दिया गया है। महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना चाहिए। भाजपा उनको 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रयास कर रही है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि विपक्षी दलों के षड्यंत्र के कारण संसद में नारी शक्ति बंधन बिल पास नहीं हो पाया है हमें सड़कों पर उतरकर इसका विरोध करना चाहिए।

सम्मेलन में जिला मंत्री मिथिलेश सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र धनोरिया भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. रश्मि शर्मा रावल ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष संध्या चौधरी महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष योजना गुप्ता, ज्योति राणा आदि ने भी विचार व्यक्त किये सम्मेलन का संचालन भाजपा नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने किया।

सम्मेलन में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, डॉ. एनपी सिंह, डॉ. विनीत देवरा, जितेंद्र गोयल, सरदार सतमीत सिंह मनी, सरदार जसप्रीत सिंह रॉकी, पालिका सभासद सुमित माहेश्वरी, मलखान सिंह, दीप सौरभ सिंह पाथ अनिल कुमार, सीमा शर्मा, सोनिका अग्रवाल, ज्योति शीला देवी, सुमन देवी, आशा रानी, वैशाली, संतोष, ममता सैनी रितिका अग्रवाल सहित अनेक महिलाएं शामिल रही। सम्मेलन के पश्चात सुमंगलम फार्म हाउस से जन आक्रोश रैली निकाली गई रैली में शामिल महिलाएं हाथों में नारे लिखी हुई तख्तियां लेकर चल रही थी। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच रैली नगीना चौराहे तक पहुंची, जहां पुतला दहन किया गया।

# स्योहारा के राजवीर हत्याकाण्ड की पुलिस हर एंगिल से कर रही जांच

## बेटी तक पहुंची जांच की आंच

**स्योहारा ( चिंगारी )।** हरिद्वार के बहादराबाद क्षेत्र में राजवीर सिंह उर्फ राजू (45 वर्ष) हत्याकांड में पुलिस अब हर एंगल से जांच में जुट गई है। मृतक मूल रूप से स्योहारा के गांव राणा नंगला का रहने वाला था और पिछले कुछ समय से हरिद्वार के सिडकुल क्षेत्र में अपने पुत्र प्रियांश के साथ रहकर काम कर रहा था। मंगलवार को बहादराबाद थाना पुलिस की एक टीम राणा नंगला गांव पहुंची। यहां पुलिस ने मृतक की शादीशुदा बेटी से करीबियों, पारिवारिक संबंधों और हाल के दिनों में राजवीर के संपर्क में रहे लोगों के बारे में गहन पूछताछ की। इसके बाद पुलिस उसे अपने साथ हरिद्वार ले गई, जहां उससे आगे भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, राजवीर के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल रिकॉर्ड से कई अहम सुराग मिले हैं। इन्हीं के आधार पर पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हत्या से पहले उसकी आखिरी बातचीत किस से हुई थी और किन लोगों से उसका लगातार संपर्क था। गौरतलब है कि सोमवार सुबह बहादराबाद क्षेत्र में बाईपास किनारे खेत में राजवीर का शव मिला था। उसके सिर पर किसी भारी वस्तु से वार के निशान पाए गए थे। मौके से एक हथौड़ी और खाली शराब की बोतल भी बरामद हुई थी, जिससे हत्या में किसी परिचित के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है।

### लेन-देन और रिश्तों की कड़ियां खोजने में जुटीं पुलिस

पुलिस अब रिश्तों, लेन-देन और आपसी रंजिश के पहलुओं को जोड़कर मामले की कड़ियां सुलझाने में लगी है। सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों से पूछताछ के साथ ही कॉल डिटेल की गहराई से जांच की जा रही है। सोमवार की देर रात्रि राजवीर सिंह का शव गांव पहुंचा। मंगलवार को ठाकुरद्वारा रोड स्थित रामगंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। सीओ अभय कुमार पांडे का कहना है कि हरिद्वार के थाने बहादराबाद की पुलिस टीम मृतक राजवीर के गांव राणानंगला आयी थी। मृतक की पुत्री से पूछताछ कर उसको साथ ले गयी है।

# जिला अस्पताल की लैब में स्टाफ की कमी से मरीजों को झेलनी पड़ रही दुश्वारियां

## रिपोर्ट में देरी से इलाज प्रभावित, लैब पर हर समय उमड़ती भीड़ से बढ़ रहा तनाव



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब इन दिनों स्टाफ की भारी कमी से जूझ रही है, जिसका सीधा असर मरीजों और उनके तीमारदारों पर पड़ रहा है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि जांच कराने आए लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, जबकि रिपोर्ट मिलने में भी अनावश्यक देरी हो रही है। इससे न केवल मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है, बल्कि उनकी परेशानी भी कई गुना बढ़ गई है।

अस्पताल की लैब पर सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें लग जाती हैं। सीमित स्टाफ के चलते जांच प्रक्रिया धीमी पड़ गई है, जिससे हर समय अफरा-तफरी का माहौल बना रहता है। कई बार स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो जाती है कि मरीजों और तीमारदारों का लैब कर्मियों से विवाद तक हो जाता है.तीमारदारों का कहना है कि रिपोर्ट समय पर न मिलने के कारण डॉक्टर भी सही समय पर इलाज शुरू नहीं कर पाते, जिससे मरीजों की हालत और बिगड़ने का खतरा बना रहता है.एक लैब कर्मचारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि कम स्टाफ में अधिक काम का दबाव होने के कारण लैब कर्मचारी पूरी क्षमता से काम करने में असमर्थ हैं। काम के दबाव के कारण कर्मचारी तनाव में रहते हैं। दूसरी ओर रोगी व उनके तीमारदार भी समय पर रिपोर्ट न मिलने पर चिढ़े से रहते हैं,जिससे कई बार झगड़े की नौबत आ जाती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द लैब में अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की जाए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके और अस्पताल में बिगड़ती व्यवस्था को सुधारा जा सके। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो किसी दिन बड़ा विवाद भी खड़ा हो सकता है।

# नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या के विरोध में न्याय पार्टी का प्रदर्शन



## राज्यपाल को भेजा ज्ञापन, दोषियों को फांसी, परिजनों को 50 लाख मुआवजे की मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** न्याय पार्टी की जिला इकाई ने गाजीपुर जिले के थाना करंडा क्षेत्र के ग्राम कटरिया में नाबालिग निशा विश्वकर्मा के साथ हुए कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार को प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर दोषियों को सख्त सजा दिलाने की मांग उठाई।

पार्टी कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए डीएम कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि ग्राम कटरिया निवासी सियाराम विश्वकर्मा की नाबालिग पुत्री निशा विश्वकर्मा के साथ दबंगों ने दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी और शव को गंगा नदी में फेंक दिया। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। बताया गया कि पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा जब पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे, तो उन पर कुछ दबंगों ने पथराव कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके साथ गए कई कार्यकर्ता भी चोटिल हुए। न्याय पार्टी ने ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाने, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके अलावा पूर्व मंत्री पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी, संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई और प्रदेश में कानून व्यवस्था सुधारने की भी मांग की गई। इस दौरान जिला महासचिव राजेंद्र कुमार विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार धीमान, सुनील पाल, महेश चंद्र, सुरेंद्र धीमान, रईस अहमद, विनोद कुमार, श्री प्रकाश धीमान, जोगेंद्र पाल सिंह, वीरेंद्र कुमार शर्मा, अनिल कुमार विश्वकर्मा, राजीव एडवोकेट, हिरदेश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेड़ से कच्चे आम तोड़ने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** बच्चों द्वारा पेड़ से कच्चे आम तोड़ने को लेकर हुई मामूली कहासुनी भयंकर संघर्ष में बदल गई। खूब लाठी डंडे चले, जिससे एक पक्ष के दो व्यक्ति घायल हो गए। पीड़ित पक्ष में मारपीट की थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव उमरी कलां निवासी आतिफ पुत्र साजिद, मोहम्मद वली पुत्र मोहम्मद शहिद, में गांव के ही दूसरे पक्ष के रईस उर्फ बबलू व आबिद में बच्चों की कहासुनी को लेकर मामूली विवाद हो गया था। विवाद बड़ों तक पहुंच गया जिससे एक पक्ष के आतिफ मोहम्मद वली घायल हो गए। घटना की तहरीर पुलिस में दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ग्रामीण पत्रकार एसो. की बैठक 3 मई को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इकाई जनपद बिजनौर की महत्वपूर्ण बैठक 3 मई 2026, दिन रविवार को दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा के सभागार में मध्यान्ह 2 बजे आयोजित होगी। संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. भानु प्रकाश वर्मा ने बताया कि बैठक में सम्मेलन में आय- व्यय का लेखा-जोखा सदन के पटल पर रखा जाएगा। 27 मई 2026 को संगठन के पुरोधा संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि मनाने पर चर्चा एवं सर्वसम्मति से स्थान निर्धारित करने का निर्णय सुनिश्चित किया जाएगा।

## सड़क हादसे मे घायल ससुर व बहु की मौत

### परिजनों मे कोहराम

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सड़क हादसे मे घायल हुए ससुर व बहु की उपचार के दौरान मौत हो गयी, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। मंगलवार की दोपहर छोटे हाथी ने मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मारी थी जिसमें सरकथल सानी निवासी कैलाश पुत्र रामपाल अपनी पुत्रवधू गुड़िया पत्नी बंटी व दो पौत्र अर्पित व वासु को लेकर अमिनाबाद एक लग्न रिश्ते मे जा रहे थे। चारों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया था। उपचार के दौरान कैलाश व गुडिया की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शवों को पोस्टमार्टम के बाद दोनो का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घायल बच्चों का इलाज चल रहा है।

# राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल एक और अभियुक्त नांगल क्षेत्र से गिरफ्तार

## 6 आरोपी पहले ही जा चुके हैं जेल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में जनपद पुलिस ने नांगल थाना क्षेत्र से एक और अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वह सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्य अभियुक्त, मेरठ निवासी आकिब खान से जुड़ा हुआ था।

राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से सम्बन्धित यह प्रकरण 21 नवंबर, 2025 को एड. कार्तिक बालियान नाम के व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर पुलिस से की गई शिकायत के बाद संज्ञान में आया था। शिकायत का आधार इंस्टाग्राम की एक लाइव वीडियो बनी थी, जिसमें एक युवक एके-47 और हैंड ग्रेनेड का प्रदर्शन कर रहा था। तीन अन्य युवक उसके साथ लाइव जुड़े हुए थे। तत्कालीन हलका प्रभारी विनोद कुमार ने मैजुल तथा आकिब सहित अज्ञात युवकों के विरुद्ध 23 नवंबर की रात्रि में मुकदमा दर्ज कराया था। तब तत्कालीन थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने जल्दबाजी और लापरवाही दिखाते हुए मुकदमे में चंद घंटों बाद ही फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। आकिब खान ने थानाध्यक्ष को वीडियो के माध्यम से यकीन दिला दिया था कि ये खतरनाक हथियार नहीं, प्लास्टिक का खिलौना और परफ्यूम की शीशी हैं।

अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में यूपी एटीएस द्वारा देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त तथा पाकिस्तानी हैंडलर्स से सम्पर्क रखने वाला गिरोह पकड़े जाने के बाद तथ्य सामने आये थे कि जिस मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाई गई, उसमें नामजद आकिब खान देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त है तथा पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में है। इस पर तत्कालीन थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक की विभागीय जांच शुरू करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पैंड कर दिया गया था तथा शिथिल पर्यवेक्षण पर सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह को भी सर्किल से हटा दिया गया था। उक्त लाइव वीडियो की जांच हुई, तो पाया गया कि उसमें नजर आने वाले युवक मैजुल निवासी ग्राम सौफतपुर थाना नांगल, आकिब खान निवासी ग्राम सठला थाना मवाना, जनपद मेरठ, आजाद निवासी मुकीमपुर जमाल उर्फ इनामपुरा थाना मंडावर तथा उबैद मलिक निवासी मौ. शाहचंदन थाना चांदपुर (हाल निवासी टांडा माईदास थाना रायपुर सादात) थे।

जांच एजेंसियों ने पूरे प्रकरण की जांच की, तो राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल कई और व्यक्तियों के नाम भी सामने आये। पुलिस राष्ट्रविरोधी गतिविधियां संचालित करने के आरोप में अब तक मैजुल, उबैद मलिक, जलाल हैदर उर्फ उर्फ समीर जाफरी निवासी ग्राम बुलचंदपुर उर्फ मुंडाखेड़ा थाना नजीबाबाद, समीर उर्फ रूहान निवासी ग्राम फैरुल्लानगर, शाहपुर थाना नजीबाबाद, जुल्फिकार उर्फ राका निवासी ग्राम साहबपुरा रतन, थाना किरतपुर तथा आरिफ मलिक निवासी ग्राम खाईखेड़ी थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। मैजुल कई वर्षों से दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में रहकर नाई का काम करता था। वीजा रद्द होने पर 18 अप्रैल को जैसे ही वह वापस लौटा था, वैसे ही दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। वांछित अभियुक्त आकिब एवं आजाद सऊदी अरब में रहते हैं, जिनके विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी किये गये हैं। जांच एजेंसियों ने उनके पासपोर्ट भी रदद करा दिये हैं।


राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में गिरफ्तार सुहेल उर्फ साहिल

पुलिस ने बताया कि उक्त प्रकरण में एक और अभियुक्त सुहेल उर्फ साहिल पुत्र असलम निवासी ग्राम जालपुर थाना नांगल को 315 बोर के एक तमंचे, 315 बोर के 6 जिंदा कारतूस, 5.56 एमएम के 2 जिंदा कारतूस एवं वीवो कम्पनी के एक मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में गिरफ्तार सुहेल उर्फ साहिल ने बताया कि वह इंस्टाग्राम के माध्यम से पूर्व में जेल भेजे गये जुल्फिकार उर्फ राका के संपर्क में आया था। उसके जरिये उसकी पहचान विदेश में बैठे मुख्य अभियुक्त आकिब खान से हुई थी। आकिब खान सोशल मीडिया पर भड़काऊ बातें कर अवैध गतिविधियों के लिये उकसाता था। आकिब विभिन्न व्यक्तियों के नाम, फोटो, वीडियो दिखाता था, जो उसके मोबाइल से मिले हैं। लाइव सेशन में आकिब के साथ मैजुल, उवैद मलिक, समीर उर्फ रूहान, जलाल हैदर उर्फ समीर जाफरी, आजाद, जुल्फिकार उर्फ राका, आरिफ मलिक आदि भी अपनी-अपनी इंस्टाग्राम आईडी से जुड़ते थे। आकिब द्वारा विभिन्न स्थानों पर विस्फोट, आपराधिक घटनायें कर दहशत फैलाने, सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा इसके बदले में धनराशि देने एवं टास्क पूरा करने पर गैंग में उच्च पद, भूमिका देने का प्रलोभन दिया जाता था। अवैध शस्त्र के बारे में उसने बताया कि इंसास के 2 कारतूस ( 5.56 एमएम ) उसे अन्य अभियुक्त ने दिये थे, जबकि 315 बोर का तमंचा व 6 जिंदा कारतूस जुल्फिकार उर्फ राका ने दिये थे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# परिवारवादी दल देश की बहनों-बेटियों को विधानसभा और संसद नहीं आने देना चाहते




**वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस समेत अन्य विरोधी दलों पर खुलकर निशाना साधते हुये कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिये कुछ परिवारवादी दल देश की बहन-बेटियों को विधानसभा और संसद में नहीं आने देना चाहते हैं। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा भाजपा-एनडीए सरकार का मतलब ही है नारी शक्ति का उत्थान, नारी सशक्तिकरण और महिलाओं का जीवन आसान बनाना है। आज हर क्षेत्र और हर मोर्चे पर भारत की बेटियां शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। इसलिए स्वाभाविक है कि नीति निर्माण और राष्ट्र से जुड़े भविष्य के महत्वपूर्ण फैसलों में भी बहनों-बेटियों की भूमिका और बढ़नी चाहिए। देश को आज इसकी बहुत जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई संसद भवन बनाने के पीछे भी महिलाओं की अधिक भागीदारी का विचार एक बड़ा कारण था। महिलाओं को आरक्षण देने का मुद्दा पिछले 40 वर्षों से लंबित पड़ा था। वर्ष 2023 में भाजपा-एनडीए सरकार ने संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित कर इस दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया।

# मोदी के नेतृत्व में समग्र विकास की अवधारणा हो रही है साकार- योगी

**वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत न सिर्फ भौतिक विकास के प्रतिमान स्थापित कर रहा है, बल्कि नया भारत समग्र विकास की अवधारणा को साकार कर रहा है। बरेका मैदान में 6,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये योगी ने कहा नये भारत के निर्माता और सबसे लोकप्रिय जननायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। प्रधानमंत्री जी के विजन का परिणाम है कि आज हम सब नये भारत का दर्शन कर रहे हैं। यह नया भारत न केवल भौतिक विकास के प्रतिमान स्थापित कर रहा है, बल्कि समग्र विकास की अवधारणा को साकार करते हुए विकसित भारत की कल्पना को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा हम सब इस बात को जानते हैं कि प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि देश में चार ही जातियां हैं और इन चार जातियों में समग्र समाज समाहित है। उन्होंने इन चार जातियों के रूप में नारी, गरीब, युवा और अन्नदाता का उल्लेख किया था।




# वैन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## मृतक के पिता ने लिखाई रिपोर्ट



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** सड़क हादसे में पुत्र की मौत एवं पुत्रवधू व पौत्र के घायल हो जाने पर मृतक के पिता ने आरोपी वैन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम रायपुरी में रिकवरी वैन की चपेट में आकर पुराना बिजली घर नजीबाबाद निवासी बाइक चालक मौ. इकबाल (35 वर्ष) पुत्र मौ. शब्बीर की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अपने पांच माह के अबोध पुत्र मौ. शान को गोद में लिए बाइक पर पीछे बैठी उसकी पत्नी नाहिद जहां (30 वर्ष) घायल हो गई थी, जो केवीआर अस्पताल में उपचाराधीन है। मृतक इकबाल के पिता बक्शीवाला बिजनौर निवासी मौ. शब्बीर ने थानाध्यक्ष रेहड़ को कार्यवाही हेतु तहरीर दी जिस पर रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी रिकवरी वैन रजि. संख्या यूके 08 बीजे 1536 के अज्ञात चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281/106(1) व 125(ए) के तहत मुकदमा दर्ज कर वैन को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# ट्रैक्टर-कार भिड़ंत में दो घायल, दोनों वाहन क्षतिग्रस्त



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ट्रैक्टर-ट्राली व कार की आमने-सामने की टक्कर में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि दो व्यक्तियों के मामूली चोटें आईं। हादसा बीती रात लगभग 8 बजे का है। उत्तराखंड के जसपुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम अंगदपुर निवासी राजेश सिंह (45 वर्ष) पुत्र हरि सिंह रायपुरी के धर्मकांटे पर ट्रैक्टर-ट्राली की तौल (वजन) कराकर पुन: अंगदपुर वापस लौट रहा था। ट्रैक्टर पर अंगदपुर निवासी पाकेश कुमार भी बैठा था कि बादीगढ़ की ओर से जा रही एक कार व ट्रैक्टर के टकरा जाने से ट्रैक्टर पर बैठा पाकेश कुमार एवं कार चालक थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर धारा निवासी बलवीर सैनी (25 वर्ष) पुत्र पप्पू सैनी मामूली घायल हुए, जबकि दोनों वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सहयोगी पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने क्षतिग्रस्त वाहनों को मौके से हटाकर रास्ता सुचारु कराया। एसएचओ राजीव वर्मा ने बताया कि घटना को लेकर फिलहाल कोई तहरीर नहीं आई है। उधर घटना के बाद वहां मौजूद तमाम लोगों का कहना है कि रायपुरी बॉर्डर पर फोरलेन के बीच स्थित डिवाइडर पर पथ प्रकाश के लिए लगी लाइटें पिछले कुछ दिनों से खराब हैं जिनके कारण यहां अंधेरा छाया रहता है, जो अंधेरा आएदिन हादसों का सबक बनता जा रहा है। उन्होंने नेशनल हाईवे के संबंधित अधिकारियों से इन लाइटों को अविलंब ठीक कराने की मांग की है।

# पिता-पुत्र पर मारपीट का आरोप

## रेहड़ पुलिस ने किया मुक़दमा दर्ज

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक युवक ने अपने ताऊ एवं तयेरे भाई पर गाली-गलौच, मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रेहड़ पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम मालोनी निवासी संदीप सिंह पुत्र सरजीत सिंह ने एक सप्ताह पूर्व की घटना का हवाला देते हुए थानाध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि वह 22 अप्रैल को अपने खेत में तार बाड़ कर रहा था कि इसी बीच उसका ताऊ राम सिंह व तयेरा भाई करनैल सिंह वहां आए और उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की जिससे उसके हाथ में चोट आई है। संदीप सिंह ने पिता-पुत्र पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया। रेहड़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि संदीप सिंह की तहरीर के आधार पर पिता-पुत्र के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115 ( 2 ), 352 व 351 ( 2 ) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उधर आरोपी राम सिंह व करनैल सिंह ने संदीप सिंह के आरोपों को गलत बताया और कहा कि संदीप सिंह आदि उनके रास्ते में तारबाड़ कर रास्ता अवरुद्ध कर रहे थे जिन्हें ऐसा करने से मना किया तो उन्होंने गाली गलौच व मारपीट की जिसकी शिकायत रेहड़ पुलिस से की गई है।

# बिजनौर में आरोग्य भारती का स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 50 लोगों ने लिया लाभ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय माता शक्तिपीठ शांतिकुंज मंदिर गंज में सोमवार, 27 अप्रैल को आरोग्य भारती द्वारा निरोग रहने के उद्देश्य से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आरोग्य भारती के जिला अध्यक्ष श्री ओ.पी. राणा, डॉ. सुखराम, डॉ. राकेश, ए.के. सिंह तथा सैनी समाज के अध्यक्ष कल्याण सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस स्वास्थ्य शिविर में करीब 50 लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान श्री ओ.पी. राणा और डॉ. सुखराम ने लोगों को निरोग रहने के विभिन्न उपाय बताए। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा, योग, एक्यूप्रेशर, मर्म चिकित्सा, स्टीम बाथ, मिट्टी चिकित्सा और आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर विस्तृत जानकारी दी। शिविर में उपस्थित लोगों ने बताए गए उपायों को उपयोगी बताते हुए इसका लाभ उठाया। आयोजकों ने बताया कि आरोग्य भारती समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

# गुरुद्वारा गुरुनानक चौक के पूर्व संचालक महावीर सिंह का निधन



**खासपुरा ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा गुरु नानक चौक खासपुरा के पूर्व संचालक व खालसा इंटर कॉलेज नूरपुर के आजीवन सदस्य महावीर सिंह का अपने निवास स्थान पर रात 1.30 बजे हार्ट अटैक होने पर निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे। उनके निधन से सिख समाज में शोक छा गया है। मृत्यु की खबर मिलते ही लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचने लगे। वह गुरु घर के कार्य व सेवा भाव में सबसे आगे रहते थे, वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।

सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

**भली लगे या बुरी ...**

## असंगठित श्रमिकों की समस्या

नोएडा हिंसा देश-प्रदेश में असंगठित श्रमिकों के बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्र के उद्योगों में कार्य संबंधी समस्याओं का केवल उसी प्रकार संकेत देती है जिस प्रकार शरीर में गंभीर बीमारियों का संकेत बुखार जैसे कुछ लक्षणों से मिलता है। यह समस्या ऐसे समय पैदा हुई, जब पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण खाना पकाने वाली गैस का संकट गंभीर था, जमीनी स्तर पर चलने वाले अनेक ढाबे और ठेले खोमचे वाले अपना धंधा बंद कर चुके थे तथा परिवारों से बाहर काम कर रहे लोगों को पका-पकाया भोजन प्राप्त करने का संकट पैदा हो गया था। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि नोएडा जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में प्रवासी कुशल, अर्धकुशल व अकुशल श्रमिकों की संख्या बहुत अधिक होती है। ऐसे में स्थानीय लोग छोटे-छोटे दड़बेनुमा मकान बनाकर उनसे बड़ी मात्रा में किराया प्राप्त करते हैं। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कार्यस्थल पर अपना पेट पालने के साथ ही ग्रामीण या अन्य कस्बों में रह रहे अपने परिवारों के भरण-पोषण के लिए भी कुछ पैसा भेजना पड़ता है। ऐसे में मुश्किल से 13 हजार से 20 हजार तक वेतन पाने वाले कर्मचारियों के संकटों का अनुमान ही लगाया जा सकता है। विडंबना है कि कंपनियां इन श्रमिकों को संविदा पर सीधे भर्ती नहीं करती हैं, बल्कि इनकी भर्तियां ठेकेदारों के माध्यम से होती हैं जो इस प्रक्रिया में मोटा मुनाफा कमाती हैं, जबकि श्रमिकों का शोषण बढ़ता जाता है। प्रदेश सरकार ने ऐसी ठेकेदार 'कंपनियों' के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए व्यवस्था सुधारने का प्रयास जरूर किया है, लेकिन इस पूरी व्यवस्था में आमूल परिवर्तन की आवश्यकता है। यदि असंगठित श्रमिकों को काम देने वाली कंपनियां सीधी भर्ती करें, उनके कौशल के हिसाब से काम और वेतन दें, उनकी कार्यस्थितियों व कंपनियों से बाहर उनकी रहन-सहन की स्थितियों में सुधार करें तो इससे न केवल उनकी उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि देश-प्रदेश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान भी होगा। देश-प्रदेश की वर्तमान सरकारों को असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के वेतन ढांचों तथा सेवाशर्तों को स्थाई, पारदर्शी व न्यायोचित बनाने पर भी ध्यान देना होगा।

# दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते राजमार्ग

**▶▶ प्रमोद भार्गव**

**देश में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, बीते वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत हादसे बढ़ गए, इनमें जान गवांने वालों की संख्या भी बढ़ गई। साल 2019 में देश में 4.56 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिनमें 1.59 लाख लोग मारे गए। 2020 में कोरोना काल के चलते आवागमन लगभग बंद था, इसलिए हादसे भी कम हुए। परंतु 2021 में करीब 4.2 लाख, 2022 में 4.61 लाख और 2023 में 4.80 लाख दुर्घटनाएं हुईं और इन हादसों में करीब 8 लाख से ज्यादा लोग मारे गए। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। लिहाजा शासन-प्रशासन ने बड़े हादसों का ठीकरा वाहनों की तेज रफ्तार पर फोड़कर अपनी चिंता पूरी कर ली।**

नि:संदेह देश में अच्छे और चौड़े राजमार्ग उत्कृष्ट विकास के प्रतीक हैं। सड़कें मानव विकास की जीवन रेखाएं हैं। देश की आर्थिक स्थिति सुधरने के साथ-साथ सड़कों के निर्माण का जाल बिछ गया है। ग्रामों को मुख्य मार्गों से जोड़ने वाली सड़कें भी बड़ी संख्या में बनी हैं, लेकिन उसी अनुपात में वाहन तो बढ़े ही, उनकी रफ्तार भी बढ़ गई। नशे में भी लोग वाहन बेधड़क चलाने लग गए। अतएव उच्च तकनीक की सहायता से निर्मित किए गए एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग उसी अनुपात में दुर्घटनाओं का कारण बनते चले जा रहे हैं। सीमेंट और कंक्रीट की बनी सड़कें दुर्घटनाओं को ज्यादा आमंत्रित कर रही हैं, क्योंकि इन सड़कों पर वाहन जितनी जल्दी रफ्तार पकड़ते हैं, उतनी जल्दी नियंत्रित नहीं होते हैं। ऐसे में ब्रेक लगाना वाहन पलटने का कारण बन जाता है। साफ है, सुविधाजनक चार और छह लाइन की सड़कें सुरक्षित सफर की कसौटी नहीं रह गई हैं। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग केवल दो प्रतिशत हैं, किंतु सड़क हादसों में होने वाली मौतों की कुल संख्या में इनका प्रतिशत 30 है। इस वजह की चिंता करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र, राज्य सरकारों और संबंधित सड़क प्राधिकरणों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के दिशा-निर्देश दिये हैं।



देश में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, बीते वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत हादसे बढ़ गए, इनमें जान गवाने वालों की संख्या भी बढ़ गई। साल 2019 में देश में 4.56 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.59 लाख लोग मारे गए। 2020 में कोरोना काल के चलते आवागमन लगभग बंद था, इसलिए हादसे भी कम हुए। परंतु 2021 में करीब 4.2 लाख, 2022 में 4.61 लाख और 2023 में 4.80 लाख दुर्घटनाएं हुईं और इन हादसों में करीब 8 लाख से ज्यादा लोग मारे गए। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। लिहाजा शासन-प्रशासन ने बड़े हादसों का ठीकरा वाहनों की तेज रफ्तार पर फोड़कर अपनी चिंता पूरी कर ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सड़क हादसों का दोषी अकर्मण्य आधिकारियों को जता देते हैं, लेकिन जब यह निकम्मे हैं, तो इन पर कार्यवाही क्यों नहीं होती? अतएव रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि प्रशासन बेसुध है और सरकार नौकरशाही के आगे लाचार है। चिंता की बात है कि आखिर ये हादसे क्यों हो रहे हैं? केंद्र सरकार ने नवंबर 2022 में जानकारी दी थी कि देशभर में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं में 32.9 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे पर घटी हैं। इनकी वजह तेज गति रही है। सवाल है कि जब तेज रफ्तार से हादसे हो रहे हैं, तो इन्हें रोकने के उपाय क्या किए जा रहे हैं। पश्चिमी देशों में तो गति राडार लगाए गए हैं। व्यावसायिक वाहनों में भी स्पीड गवर्नर लगाने की योजना है, लेकिन वह ठंडे बस्ते में पड़ी है। यह योजना इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम है। इसे वाहन की ईंधन प्रदाय प्रणाली से जोड़ा जाता है, जो गति बढ़ाने के लिए अतिरिक्त तेल इंजन में जाने ही नहीं देती है। दुर्घटनाओं के बढ़ने का एक बड़ा कारण देश को कार और दो पहिया वाहनों से पाट देना भी है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर होटल और भोजनालयों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इनके सामने वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े कर दिए जाते हैं। इसी सिलसिले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संबंधित प्राधिकरण और नियंत्रक एजेंसियां इस स्थिति को सुधारने का प्रयत्न करें। वैसे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात पुलिस की नियमित गश्त का प्रावधान है, लेकिन लापरवाही के चलते गश्तीदल दिखते ही नहीं हैं। अब तक यह आम धारणा बनी हुई है कि सड़क हादसे राजमार्गों पर अधिक होते हैं। किंतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक नई तस्वीर पेश की है। इससे पता चला है कि राजमार्गों से कहीं अधिक हादसे भीतरी सड़कों पर भी होने लगे हैं। यह वाकई हकीकत है। ग्रामीण इलाकों में जबसे ट्रैक्टर, बाइक और कार-जीपों की संख्या बढ़ी है, तब से इन छोटे समझे जाने वाले मार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बीते दो दशकों के भीतर गांव-गांव सड़कें पहुंची हैं और उसी तादाद में वाहन भी बढ़े हैं। विडंबना यह भी रही कि इसी दौरान गांव-गांव शराब की वैध-अवैध बिक्री भी शुरू हो गई, जो दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण बन रही है। सड़क हादसों में भारत को हर साल मानव संसाधन का सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय सड़क संगठन (आईआरएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में सड़क हादसों में होने वाली मौतों में भारत की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से ज्यादा है। इस जानकारी के अनुसार 12.5 लाख लोगों की दुनिया में प्रतिवर्ष सड़क हादसों में मौतें होती हैं, इनमें सर्वाधिक भारत में होती है। जो परिवार हादसे में अपने परिजन को गंवाता है, उस पर पांच लाख रुपए का औसतन अतिरिक्त बोझ पड़ता है। सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं में शराब पीकर वाहन चलाना, नाबालिग बाइकर्स का सड़कों पर बेलगाम होना भी है, वहीं देश में बढ़ते सड़क हादसों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों में भी तलाशे जा रहे हैं। दरअसल देश में हरेक साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और चार से पांच लाख घायल होते हैं, उनमें ज्यादातर युवा होते हैं।

दूसरी तरफ सरकार राजमार्गों पर ऐसे स्थल तलाश रही है, जहां अधिकतम दुर्घटनाएं होती हैं। इसके बाद इन स्थलों पर ऐसे सुधार किए जाएंगे,जिससे घटनाएं कम हों। राजमार्ग लंबे व तेज गति के सफर के लिए होते हैं, इसलिए अक्सर वाहनों की गति तेज रहती है। भारी मालवाहक वाहन राजमार्गों से ही गुजरते हैं। ऐसे में यदि वाहन चालकों को आसानी से शराब की उपलब्धता दिखाई दे तो उसके प्रति स्वाभाविक रूप से लालच पैदा हो जाता है। इसके सेवन के साथ ही खतरे की आशंका बढ़ जाती है। राजमार्गों पर हर पांच किलोमीटर की दूरी पर औसतन शराब की तीन दुकानें हैं। इस बाबत पूर्व प्रधान न्यायाधीश टीएस ठाकुर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शराब लॉबी के दबाव में अंधाधुंध परमिट बांटने की प्रवृत्ति पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि 'शराब के भयावह सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर खूब चर्चा की जाती है, लेकिन संवैधानिक निर्देश के बावजूद सरकारें शराब पर अंकुश लगाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखा पाती हैं। शराब कारोबारी भी धन के बूते ऐसी पहलों को व्यर्थ कर देते हैं और सरकारें राजस्व कमाई की दुहाई देकर शराब की बिक्री जारी रखती हैं। इन हादसों में ज्यादातर मरने वाले लोगों में 40 फीसदी, 26 से 45 आयु वर्ग के होते हैं। यही वह महत्वपूर्ण समय होता है, जब इन पर परिवार के उत्तरदायित्व के निर्वहन का सबसे ज्यादा दबाव होता है। ऐसे में दुर्घटना में प्राण गवां चुके व्यक्ति के परिजनों पर सामाजिक, आर्थिक और आवासीय समस्याओं का संकट एक साथ टूट पड़ता है। इन हादसों में 19 से 25 साल के इतने युवा मारे जाते हैं, जितने लोग कैंसर, टीबी और मलेरिया से भी नहीं मरते। ये हादसे मानवजन्य विसंगतियों को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

## रोज रात में सोने से पहले ये हिसाब जरूर करें कि दिन में अच्छे काम किए या नहीं

**प्रेरक-प्रसंग**

विक्रम संवत की शुरुआत राजा विक्रमादित्य ने की थी। एक दिन राजा विक्रम अपने गुरु के पास बैठे हुए थे। गुरु ने विक्रमादित्य से पूछा, बताओ राजा आप आज किस विशेष उद्देश्य से आए हैं? विक्रमादित्य ने कहा, मुझे आप कोई ऐसा एक मंत्र बता दें, जिसे मैं भी ध्यान रखूं और मेरी आगे आने वाली पीढ़ी भी ध्यान रखे। गुरु ने संस्कृत में एक श्लोक लिखकर राजा को दे दिया। उस श्लोक का अर्थ था कि दिनभर की व्यस्तता के बाद जब रात में सोने जाओ तो ये विचार करो कि हमने आज दिनभर में जो जीवन जिया है, वह पशुओं की तरह था या मनुष्य की तरह। आज कोई अच्छा काम भी किया है, अगर कोई अच्छा काम नहीं किया है तो तुम्हें आज रात सोने का क्या अधिकार है? राजा ने अपने सिंहासन पर ये श्लोक लिखवा लिया और इसके बाद हर रोज वे इस मंत्र को याद रखते थे। रात को सोने से पहले विचार करते कि आज मैंने कोई सद्कर्म किया है या नहीं? एक दिन वे दिनभर के कामों में बहुत व्यस्त थे, पूरा दिन गुजर गया और रात में सोने का समय हो गया। सोने से पहले उन्हें ध्यान आया कि आज का मेरा सद्कर्म क्या है? विक्रमादित्य ने बहुत सोचा, लेकिन उन्हें कोई अच्छा काम याद नहीं आया।

# कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में हाथियों व हिरणों के झुण्ड देख खुश हुए ओम बिरला

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का दौरा किया। जिप्सी सफारी के दौरान उन्हें बाघ, हाथियों के झुंड और हिरणों के समूह के दीदार हुए, जिससे वे काफी उत्साहित नजर आए।**

जानकारी के अनुसार मंगलवार को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढिकाला क्षेत्र में सफारी के दौरान ओम बिरला ने जंगल की प्राकृतिक सुंदरता का करीब से अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें साभर रोड पर बाघ दिखाई दिया, जबकि अन्य स्थानों पर हाथियों और हिरणों के झुंड देखे गए। कॉर्बेट के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने लोकसभा अध्यक्ष को टाइगर रिजर्व की जैव विविधता, वन्यजीवों और संरक्षण प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ओम बिरला ने खिनानौली वन विश्राम गृह का निरीक्षण किया तथा ढिकाला स्थित पुराने वन विश्राम गृह में ठहराव किया। उन्होंने धनगढ़ी गेट पर वन्यजीव संरक्षण के दौरान शहीद हुए वनकर्मियों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। लोकसभा अध्यक्ष ने कॉर्बेट की हरियाली और शांत वादियों की सराहना करते हुए वन्यजीव संरक्षण के महत्व पर जोर दिया।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत करते कॉर्बेट निदेशक साकेत बडोला।

# लोक अदालत की सफलता को लेकर तैयारियां तेज

## 9 मई को होने वाली लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारण का लक्ष्य

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजय कुमार सक्सम के मार्गदर्शन में आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिला जजी परिसर स्थित एडीआर भवन के सभागार में नोडल ऑफिसर श्री लोकेश नागर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री नैन्सी धुन्ना ने किया। बैठक में विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों एवं बैंकों के प्रबंधकों ने भाग लिया। सभी अधिकारियों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर उनके निस्तारण की दिशा में कार्य करें और लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान उपजिलाधिकारी बिजनौर ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा अब तक 45 हजार वाद चिन्हित किए गए हैं। दूरसंचार विभाग के 616, पंजाब नेशनल बैंक सहित बैंकों के 13,500 तथा श्रम विभाग के 7 वाद लोक अदालत के लिए चयनित किए गए हैं। नोडल ऑफिसर श्री लोकेश नागर ने पुलिस विभाग से नोटिसों की समय पर तामील सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। साथ ही उपमुख्य चिकित्साधिकारी को लोक अदालत के दिन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और उपजिलाधिकारी को जजी परिसर में मूलभूत सुविधाएं व समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले शैलेन्द्र चौधरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपना दल (सोनेलाल) के बिजनौर जिलाध्यक्ष एडवोकेट शैलेंद्र चौधरी ने लखनऊ स्थित कैंप कार्यालय पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शैलेंद्र चौधरी ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता और एक स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। मुलाकात के दौरान शैलेंद्र चौधरी ने बिजनौर जनपद में पार्टी की गतिविधियों और संगठन विस्तार की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने अवगत कराया कि किस प्रकार जनपद में युवाओं और किसानों को पार्टी की नीतियों से जोड़ा जा रहा है। मंत्री ने बिजनौर में शैलेंद्र चौधरी द्वारा किए जा रहे निरंतर संघर्ष और पार्टी को मजबूत करने के प्रयासों की सराहना की।



# कई सामाजिक कार्य करेगी नागरिक विकास समिति


**बिजनौर ( चिंगारी )।** नागरिक अधिकार एवं विकास समिति, बिजनौर की मासिक सभा समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार गोयल एड. की अध्यक्षता एवं पूर्व सचिव एवं उपाध्यक्ष देवेंद्र पाल सिंह एड. के संचालन में संपन्न हुई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से मई अथवा जून की भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत वितरण करके सेवा करने का निर्णय लिया गया। सभा में स्मार्ट मीटर से आम जनता को हो रही परेशानी का प्रस्ताव भूदेव सिंह चंदेल एड. एवं अशोक कुमार चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया, जिसको सर्वसम्मति से पारित कर बिजली मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, चेयरमैन, उप्र विद्युत निगम लखनऊ, ज़िला अधिकारी, बिजनौर, अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग आदि को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त 1 मई से 5 दिन के लिए नगर पालिका चौराहे पर राहगीरों को ठंडा पानी पिलाने के कार्यक्रम को समिति की ओर से फारूक बिजनौरी के सौजन्य से करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सभा में समिति के सदस्य सर्व श्री नाज़िश विक़ार, सुरेंद्र कपूर, फारूक बिजनौरी, लाला विवेक गुप्ता एड., अशोक कुमार चौधरी, गणेश ठाकुर, भूदेव सिंह चंदेल एड., मीनू गोयल, मनुप्रताप सिंह एड., योगेन्द्र सिंह एड., जगदीश सचदेवा, अतुल विक्रम सिंह एड., विशाल अग्रवाल एड., कमाल सफ़दर एड., देवेंद्रपाल सिंह एड., राजवीर सिंह एड., सरदार दिलराज सिंह, सुजीत कुमार आदि उपस्थित रहे। शरबत वितरण कार्यक्रम का मुख्य संयोजक गणेश ठाकुर एवं विशेष संयोजक नाज़िश विक़ार को बनाया गया।



# विवेक कॉलेज में गृह विज्ञान का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक कॉलिज बिजनौर की छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बीएससी गृह विज्ञान पंचम सेमेस्टर में राजिया जफर ने 77.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, सादिया मौजिज ने 75.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा शगुन ने 75.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएससी गृह विज्ञान तृतीय सेमेस्टर में नमरा नाज ने 75.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, माही चौहान ने द्वितीय तथा तसमिया परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विवेक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि विवेक कालेज की छात्राओं का परीक्षा परिणाम सदैव उत्तम रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष से विश्वविद्यालय, फूड एण्ड न्यूट्रीशन तथा फैशन डिजाइन विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित हैं, साथ ही दोनों विषयों में पीएचडी भी कराई जा रही है। इस अवसर पर विभाग के अधिष्ठाता प्रो. डा. संजय कुमार त्यागी व विभागाध्यक्ष डा. मीना चौधरी ने सभी छात्राओं को सर्वांगीण विकास करने के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। छात्राओं की इस सफलता में गृह विज्ञान विभाग की शिक्षिकाओं श्रीमती शालू, श्रीमती सुरुचि अग्रवाल, कु. असमा, कु. नेहा नासिर, खुशी अग्रवाल आदि ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



पंचम सेमेस्टर में रजिया, तृतीय सेमेस्टर में नमरा नाज़ ने पाया पहला स्थान

# रहने को घर नहीं, सोने को बिस्तर नहीं, अपना खुदा है रखवाला..

## फुटपाथ पर जिंदगी गुजारने वाले ग़रीबों की कोई सुध लेने वाला नहीं

–नौशाद मुल्तानी

नजीबाबाद (चिंगारी)। फुटपाथ पर जिंदगी गुजारने वाले गरीबों पर एक फिल्मी गाना रहने को घर नहीं, सोने को बिस्तर नहीं, अपना खुदा है रखवाला सटीक बैठ रहा है। आजकल हर इंसान अपने में इतना व्यस्त हो गया है कि किसी को इतनी फुर्सत नहीं है कि वह अपनी दिनचर्चा के बीच गरीबों का हाल जानकर उनकी मदद के लिए आगे आ सके। क्षेत्र में एक फुटपाथ पर एक गरीब व्यक्ति शायद जिसके पास अपना घर व सोने के लिए अपना बिस्तर नहीं है, वह फुटपाथ पर एक चादर बिछाकर सो रहा है, सबसे बड़ी बात यह है कि इस गरीब को बिना घर व बिना बिस्तर के सड़क पर बड़े आराम से नींद आ जाती है, क्योकि इसे पैसे कमाने की होड़ नहीं, इस व्यक्ति का कारोबार नहीं है। मगर एक मालदार आदमी को जिसके पास अपना आलीशान घर, एसी लगा अपना शानदार बैडरूम सारी सुविधाएं है, उसे केवल इस लिए नींद नहीं आती है, क्योकि वह हर समय पैसा कमाकर सुख-चैन ढूंढने में लगा है, जबकि सच्चाई यह है कि सुकून पैसे में नहीं है, बल्कि सुकून हमारे कर्मों व अच्छे कार्य करने में है। हम चाहे कितनी भी सुख सुविधाएं जुटा ले, कितना भी धन कमा ले, अगर रूह को सुकून देने के लिए कार्य नहीं करेंगे पैसा कमाने की होड़ में जुटे रहेगे तो हमें कभी भी चैन-सुकून मिलने वाला नहीं है। पैसा हमारी जरूरतें पूरी कर सकता है, मगर पैसे से नींद नहीं आ सकती, पैसे से भूख मिट सकती, पैसे से आत्मा को चैन नहीं मिल सकता है। इसलिए सारी सुख सुविधाओं से सुसज्जित होकर व्यस्त रहने वाले मालदार लोगों को चैन-सुकून के लिए गरीबों के बारे में भी सोचना चाहिए, उनकी मदद के लिए भी आगे आना चाहिए। नजीबाबाद में ना जाने कितने लोग पुलों के नीचे झोपड़ी डालकर रहने के साथ फुटपाथ पर अपना बसेरा बनाकर जिंदगी गुजार रहे है। अक्सर देखा जाता है कि क्षेत्र में तमाम समाजसेवी संस्थाएं अपनी-अपनी सेवा के तहत सेवा के कार्य करती रहती है, मगर उनकी सेवा समाज के उक्त जरूरमतंद अंतिम पंक्ति में शामिल ऐसे काफी संख्या में लोगों जिनके पास अपने घर व सोने के लिए बिस्तर तथा खाने के लिए रोटी तक नहीं है, उन तक नहीं पहुंच पाती है। शासन-प्रशासन की भी गरीबों की सेवा के लिए काफी योजनाएं चल रही हैं, मगर समाज में फुटपाथ पर रहने वाले उस गरीब व्यक्ति जिसके पास रहने के लिए घर व सोने के लिए बिस्तर तथा खाने के लिए रोटी नहीं है, उस तक उस योजना का लाभ पूरी तरह से नहीं पहुंच पा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सरकार, शासन-प्रशासन, स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ प्रत्येक मालदार व्यक्ति को आज जरूरमतंद गरीब की मदद के लिए आगे आना चाहिए। समाज में गरीबी व लाचारी बढ़ती जा रही है। इंसानियत के लिए सभी को गरीबों की मदद का प्रयास करना होगा तभी गरीबी दूर होगी।


फुटपाथ पर चादर बिछाकर सोता एक गरीब।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक को गोली मारकर किया घायल

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर रतन निवासी अदनान ग्राम श्यामीवाला में डॉक्टर तारिक के क्लीनिक के उद्घाटन में गया था। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सभी लोग चाय नाश्ते में व्यस्त थे, इसी दौरान चार युवक कार्यक्रम में पहुंचे तथा अदनान पर हमला कर दिया। हमले के दौरान अदनान की जांघ में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। गोली मारकर हमलावर मौके से फरार हो गए। हमले के दौरान अफरा-तफ़री मच गई। सूचना पर मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी लेकर घायल अदनान को उपचार के लिए समीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। अदनान के पिता मोहम्मद शाहिद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि आरोपी उसके बेटे से रंजिश रखते है, इसी को लेकर उन्होंने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि नौमान, अल्ताफ, सुल्तान निवासी दहीरपुर थाना नांगल सोती व फैसल निवासी मोहनपुर थाना मंडावली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सभी आरोपी अभी फरार है। जल्दी ही उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### आज का विचार

## ट्रंप, होर्मुज और हमारी-हिंसा



–प्रो. अमित सिंह
आर.एस.एम. (पी.जी.) कॉलेज
धामपुर (बिजनौर)

जैसी करनी वैसी भरनी के चश्मे से अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुई हिंसा की घटना को देखना केवल एक पहलू है। हालांकि यह सच है कि अमेरिका ईराक और अफगानिस्तान के बाद ईरान पर जो लगातार हिंसा कर रहा है, उसका मकसद साफ है। ईरानी तेल पर कब्जा अमेरिका की मंशा है, ठीक ईराक की तरह। लेकिन ईरान भी दूध का धुला नहीं है। ईरान द्वारा लेबनान और यमन में आतंकवादियों को शह, समर्थन और सहयोग करना किसी से छुपा नहीं है लेकिन हमारे घर में गैस की समस्या भी ईरान-अमेरिका युद्ध से अलहदा नहीं है। होर्मुज में नाकाबन्दी है। हमारी समस्या, महँगाई और खाद्य की किल्लत से जुड़ा हुआ मसला है। ट्रंप पर हुई हिंसा हमें अच्छी लग सकती है लेकिन शायद ही कोई यह मानने को तैयार हो कि इस हिंसा में नहीं न कहीं हम भी जिम्मेवार हैं। ये भला कैसे? लॉक कहता है- युद्ध की शुरूआत हमारे मन के विचारों से होती है। शास्त्रों में भी कहा गया है कि मन, वचन और कर्म से हिंसा नहीं करनी चाहिए। सभी सुनते हैं पालन कौन करता है? हमारा कसूर भी नहीं है। कोई वैज्ञानिक तरीके से हमें कहाँ समझाता है कि हमारे मन की तरंगों से समूचे संसार की तरंग वैसे ही जुड़ी हैं जैसे संसार या बाहर की तरंगों से हमारा मन। चारों तरफ हिंसा का बोलबाला है। तरंगों की शक्ल में राजनीति में नेताओं की बोली सुन लीजिए या मीडिया में उसकी रिपोर्टिंग। खेल की कमेंटरी या मीडिया की सुर्खिया देख लीजिए। ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं जंग होने वाली है। धुरंधर, कंतारा, एनीमल, कबीर सिंह जैसी सफल फिल्मों में भी हिंसक दृश्यों की लम्बाई और क्रूरता निरंतर बढ़ती ही जा रही है। ओटीटी चैनल की वेब सीरिज के कथानक और भाषा की क्या कहिए? बच्चों के वीडियों गेम की हिंसा को हम अब सामान्य मानने लगे हैं। हमारी बातचीत में निंदा का रस देख लीजिए। हम हिंसा परोस रहे हैं और उसका सेवन भी कर रहे हैं। चौबीस घंटे और निरंतर। इन सामूहिक तरंगों का परिणाम यह हुआ कि हमें अपनी मानसिक और वाचिक हिंसा का इल्म होना भी बंद हो गया है।

आश्चर्य यह है कि शांति सभी को सुहाता है लेकिन तरंगे हम हिंसा की फेंक रहे हैं। समूचे हिंसा की गंगोत्री है हमारा मन। पहले हिंसा के विचार आते है फिर कृत्य होता है। चाहे वैश्विक हिंसा हो या फिर घरेलू। यह इत्तेफाक नहीं है कि इसी सामूहिक तरंगों के कारण परिवार में भी हिंसा, कत्ल, अपहरण जैसी घटनाओं का अंबार लग गया है। महावीर स्वामी कहते हैं- मन में बुरा सोच लेना भी हिंसा है क्योंकि जो सोचा गया, वह होकर रहेगा। आइए दूसरे के प्रति थोड़ा संजीदा हो जाए। अच्छा सोचे, मीठा बोले और अपने चारों ओर प्रेम का रस घोले। संवेदनशील बने। निदा फाजली ने भी कहा है-

**अपना गम लेकर कहाँ जाए,**
**चलो किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए।**

# सेंटमेरी स्कूल के बच्चों ने ईंधन बचाओ मुद्दे को लेकर रैली निकाली



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सेंट मैरिस इंटर कॉलेज मंडावली के छात्र-छात्राओं द्वारा ईंधन बचाओ जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर एक रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी ने हरी झंडी दिखा कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ईंधन बचाना आज के समय में प्रत्येक मनुष्य के लिए चुनौती है। हम सभी को संकल्प लेकर ईंधन बचाने में सहयोग करना होगा। कॉलेज के प्रबंधक फादर जोस आलूकल ने कहा कि हम ईंधन को बचाकर भयावह स्थिति से बच सकते है। आज के समय में डीजल, पैट्रोल, रसोई गैस जैसे ज्वलंत मुद्दे सामने आ रहे हैं। हम सभी को जागरूक होना होगा। हम सभी को पैदल चलने की आदत अपने जीवन में लानी होगी जिससे हम ईंधन बचाकर अपने स्वास्थ्य को भी सही रख सकते है। आवयश्कता पड़ने पर ही वाहन को यातायात नियमों का पालन कर चलाएं। रैली सेंट मेरीस इंटर कॉलेज से शुरू होकर मिर्जापुर सैद उर्फ भुड्डी, मंडावली गांव के प्रमुख मार्गों से होकर सेंट मेरीस कॉलेज पर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में सभी छात्र-छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से ईंधन बचाने के लिए सभी को जागरूक किया। रैली में द्विजेंद्र त्यागी, गजे सिंह, शिवओम राजपूत, शैलेश, पंकज सिंह, महेश, मसियत, निरंजन, शिवानी, विशाखा, मीनाक्षी, निधि, दीपिका, बीना, युक्ति, तरुणा आदि कॉलेज के अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाने के एसएसआई योगेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## सूचना

**मेरी सेंट मेरी स्कूल नजीबाबाद में कक्षा 9 में पढ़ने वाली पुत्री दारिया हानी के स्कूल अभिलेखों में उसके पिता का नाम Touqeer Ahmed दर्ज है जो कि गलत है। जबकि मेरी पुत्री के पिता का सही नाम Dr. Taukir Ahmad है। मेरी पुत्री के स्कूल अभिलेखों में उसके पिता का सही नाम Dr. Taukir Ahmad कर दिया जाये।**

**–हुमा पत्नी स्व. डॉ. तौकीर अहमद, निवासी मौहल्ला मुगलूशाह, नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

# गैस प्लांट से पाइपलाइन बिछाये जाने को दिये दिशा निर्देश



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद में लग रहे गैस प्लांट से घरेलू गैस पाइप लाइन बिछाये जाने के संबंध में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के डिप्टी सेक्रेटरी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं गैस मंत्री को भेजे एक पत्र में अवगत कराया था कि आदर्श नगर क्षेत्र में स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम डिपो की खाली जमीन पर गैस प्लांट लगाया जा रहा है, जिसमें भविष्य में गैस सिलेंडरों की रिफलिंग का काम होगा। आरटीआई कार्यकर्ता ने सुझाव दिया कि अगर उक्त गैस प्लांट से पाइप लाइन बिछाकर नगर पालिका नजीबाबाद क्षेत्र व आसपास के क्षेत्र के लोगों को पाइपलाइन के माध्यम से भविष्य में घरेलू व व्यावसायिक गैस कनेक्शन उपलब्ध करा दिए जाएं तो क्षेत्र की जनता को काफी राहत मिलेगी। उधर आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा की गई शिकायत के परिपेक्ष्य में पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस संबंध में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के डिप्टी सेक्रेटरी रवि पांडे को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।

# पर्यटनस्थल के रूप में विकसित होगी विदुर कुटी

## डीएम ने किया निरीक्षण



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने ग्राम दारानगर गंज स्थित प्रसिद्ध विदुर कुटी आश्रम का निरीक्षण कर प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जल निगम के अधिकारी एवं आश्रम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान आश्रम के पुस्तकालय कक्ष में पर्यटन विभाग के अंतर्गत स्वीकृत समेकित पर्यटन विकास परियोजना पर चर्चा की गई। जल निगम के स्थानिक अभियंता अभिषेक कुमार पाण्डेय ने मानचित्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि परियोजना के तहत विदुर प्रसंग पार्क (एंट्रेंस प्लाजा सहित), टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर, मुख्य मंदिर का गेट तथा नये विधवा आश्रम का निर्माण प्रस्तावित है। इसके लिए कुछ पुराने जर्जर भवनों को हटाया जाएगा, जबकि पुस्तकालय, योगशाला और आयुर्वेदिक चिकित्सालय को सुरक्षित रखा जाएगा।

जिलाधिकारी ने आश्रम परिसर का निरीक्षण करते हुए, पाया कि कुछ भवन जर्जर स्थिति में हैं, जबकि पुस्तकालय, योगशाला और आयुर्वेदिक चिकित्सालय की स्थिति संतोषजनक है। डाकघर भवन की छत की मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आश्रम और बाहरी शौचालयों के खराब सैप्टिक टैंक को दुरुस्त कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि मंदिर के पास लगी बिजली की लाइटें खराब हैं, जिन्हें शीघ्र ठीक कराने और आश्रम में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आश्रम कर्मचारियों द्वारा पुलिस चौकी की मांग पर जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि विदुर कुटी आश्रम को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# जूते के दाम को लेकर जूतमपैजार

**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर के तीन मूर्ति चौक पर ग्राहक व दुकानदार के बीच हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिससे थोड़ी देर के लिये तनाव की स्थिति बन गई। ग्राहक ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि दुकानदार ने धार्मिक टिप्पणी करते हुये उसे जान से मारने की धमकी भी दी। हेमराज कॉलोनी निवासी तुषार विश्वास पुत्र दाताराम अपने दो साथियों के साथ तीन मूर्ति चौक स्थित इजलाल अहमद उर्फ बबलू की जूते की दुकान पर खरीदारी करने पहुंचे थे। जूतों के दाम अधिक बताने पर तुषार विश्वास ने दूसरी दुकान से सामान खरीद लिया। इसी बात को लेकर दुकान पर मौजूद कर्मचारी और ग्राहक के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस दौरान दुकानदार बबलू भी विवाद में शामिल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कुछ संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए, जिससे स्थिति और संवेदनशील हो गई। संभावित साम्प्रदायिक तनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। सीओ सिटी संग्राम सिंह और थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए दुकान बंद करा दी। पुलिस ने दुकानदार बबलू व उसके कर्मचारी को हिरासत में लिया और थाने ले गई। पीड़ित पक्ष द्वारा घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# बच्चों ने आकर्षक ढंग से सजाये बस्ते



**चांदपुर (चिंगारी)।** आधारशिला द स्कूल में बस्ता सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा 3 से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल का विद्यालय की छात्राओं ने तिलक करके एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बहुत ही सुंदर तरीके से अपना बैग, अपनी किताबें और कॉपियों को अच्छे ढंग से सजाया था, जिसकी सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्या अनीता शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल कोऑर्डिनेटर बबीता त्यागी एवं सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# कोतवाली देहात में महिलाओं ने निकाली जन आक्रोश पदयात्रा




**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा में पारित न होने पर विपक्ष के खिलाफ महिलाओं ने जन-आक्रोश पद-यात्रा निकाली। यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने विपक्ष पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महिला बिल का विरोध करने वाले दलों की सोच आज भी पिछड़ी हुई और महिलाओं को दबाने वाली है। मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने कहा महिला बिल का विरोध करके विपक्ष ने अपना असली चेहरा दिखाया है। इस अवसर पर जिला सहसंयोजक पंचायत प्रकोष्ठ चौधरी भूरे सिंह, रवि प्रजापति जिला सहसंयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा रिना त्यागी, मंडल मंत्री नेहा त्यागी, मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी रानी, श्रीमती वेदलता, सोमवती देवी, रीना शर्मा, मोनिका, प्रीति शर्मा, सरोज देवी, कमलेश, आरती शर्मा, पूनम चौधरी, रितु रानी, मीनू सिंह, किरण रानी, मंडल उपाध्यक्ष विनीत चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष रोबिन चौधरी, महामंत्री मेघराज सिंह, मंडल मंत्री चंद्रपाल सिंह, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी ऋषि त्यागी, भाजपा कार्यकर्ता सुधीर चौधरी, पूर्व मंडल महामंत्री विजय कुमार आचार्य, आशा कुमारी, शशि कुमारी, लक्ष्मी रानी, प्रीति कुमारी, अंजू चौधरी, राखी रानी, बूथ अध्यक्ष अरुण चौधरी आदि महिलाओं ने विपक्ष का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया।

# खुद को गोली मारकर घायल करने वाले नायब नाजिर ने दम तोड़ा

**बिजनौर (चिंगारी)।** इन्द्रलोक कॉलोनी में सोमवार को खुद को सिर में गोली मारकर आत्महत्या करने का प्रयास करने वाले चांदपुर तहसील में तैनात नायब नाजिर संजीव चौधरी (50 वर्ष) की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे उनके परिवार में कोहराम मचा है। संजीव चौधरी का एक नर्सिंग होम में उपचार चल रहा था। उल्लेखनीय है कि स्थानीय इंद्रलोक कालोनी में रहने वाले संजीव चौधरी 50 वर्ष पुत्र महावीर चांदपुर तहसील में तैनात थे। उन्होंने सोमवार की दोपहर अपने आवास पर लाइसेंसी पिस्टल से अपने सिर में गोली मार ली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान संजीव चौधरी को परिजनों की मदद से एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। पुलिस ने मौके से संजीव चौधरी की लाइसेंसी 12 बोर की डबल बैरल बंदूक व 32 बोर का लाइसेंसी पिस्टल और एक सुसाइड नोट बरामद किया था। कल तक इस मामले में परिजनों ने पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी थी। बताया जाता है कि संजीव चौधरी की नर्सिंग होम में उपचार के दौरान आज दोपहर मौत हो गई। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीएम ने किया गौशालाओं का निरीक्षण

## मुकीमपुर धर्मसी व नंगला माहेश्वरी गौशालाओं में शेड, सुरक्षा और चारे की व्यवस्था सुधारने को कहा



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने मुकीमपुर धर्मसी और नंगला माहेश्वरी स्थित गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

मुकीमपुर धर्मसी गौशाला में लगभग 170 गौवंश पाए गए, जहां दो शेड मौजूद हैं। जिलाधिकारी ने गुलदार से सुरक्षा के लिए गौशाला की बाउंड्री की पैमाइश कराने तथा हरा चारा उगाने हेतु ट्यूबवैल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश उपजिलाधिकारी सदर को दिए। यहां हरे चारे और भूसे की समुचित व्यवस्था पाई गई।

इसके बाद उन्होंने नंगला माहेश्वरी गौशाला का निरीक्षण किया, जहां लगभग 65 गौवंश संरक्षित मिले। गौशाला में केवल एक शेड होने पर उन्होंने अतिरिक्त शेड के निर्माण के निर्देश दिये, ताकि गौवंशों को गर्मी से बचाया जा सके। साथ ही परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 60 क्विंटल भूसा उपलब्ध पाया गया, लेकिन कुछ गौवंश कमजोर स्थिति में मिले। इस पर जिलाधिकारी ने समय पर चारा उपलब्ध कराने और पशु चिकित्सा अधिकारी को उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने गौशाला के प्रवेश द्वार और मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि यदि किसी गौवंश की मृत्यु होती है, तो उसे गौशाला से दूर गड्ढा खोदकर दफनाया जाए। साथ ही गर्मी को देखते हुए गौवंशों को समय-समय पर पानी पिलाने और चारे की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये।

# युवा कांग्रेस के नवमनोनीत प्रदेश महासचिव का समारोहपूर्वक स्वागत

## प्रदेश में युवाओं की आवाज को बुलंद करेंगे शिवम गिरि : वीरेंद्र रावत



**हरिद्वार ( चिंगारी )।** उत्तरी हरिद्वार की बैरागी धर्मशाला में गिरि समाज ने युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रदेश महासचिव शिवम गिरि का शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर तथा उपहार देकर स्वागत अभिनंदन किया। समारोह के मुख्यातिथि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के सुपुत्र लोकसभा प्रत्याशी रहे वीरेंद्र रावत ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश का युवा जागरूक हो गया है और कांग्रेस में अपना भविष्य सुरक्षित समझ रहा है। प्रदेश के युवाओं ने भाई शिवम गिरि को अपना मत प्रदान कर निर्वाचित किया है शिवम गिरि प्रदेश में युवाओं की आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने समय-समय पर गिरि समाज को सम्मानित करने का काम किया है। समारोह में विश्नोई आश्रम भीमगोड़ा के परमाध्यक्ष प्रणवानंद महाराज ने कहा कि शिवम गिरि समाज के युवाओं का मार्गदर्शन कर उनका भविष्य उज्ज्वल करने का काम करेंगे।

अभिनंदन समारोह के अध्यक्ष डॉ अशोक गिरि ने कहा कि गिरि समाज को कांग्रेस पार्टी ने समय-समय पर सम्मान दिया है और अब युवा प्रदेश महासचिव पद पर शिवम गिरि का निर्वाचन होना गिरि समाज का सम्मान है। नवनिर्वाचित प्रदेश महासचिव शिवम गिरि ने कहा कि कांग्रेस ने मुझे जो आशीर्वाद दिया है उसके लिए मैं पूर्ण जिम्मेदारी ओर निष्पक्ष भाव से काम करूंगा और कांग्रेस को मजबूत करने का काम करूंगा।

मुख्यातिथि वीरेंद्र रावत का डॉ. अशोक गिरि, मधुकांत गिरि, शत्रुघ्न गिरि, बलराम गिरि कड़क, शिव अवतार गिरि, मोहित गिरि ने शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर एवं गंगाजली देकर स्वागत किया।

इस मौके पर महंत विश्वात्मानंद महाराज, कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा, रामकिशोर गिरि, मधुकांत गिरि, बलराम गिरि कड़क, शत्रुघ्न गिरि, मोहित गिरि, पंकज गिरि, प्रदीप गिरि, सुभाष कपिल, सतीश गुजराल, शुभम् जोशी, विशाल गिरि, अखिलेश गिरि, गौरव गिरि, नितिन तेश्वर, मनोज सैनी, सोम त्यागी, पार्षद महावीर वशिष्ठ, कैलाश भट्ट, तेलूराम प्रधान, अनिकेत गिरि, दीपक गिरि, सोनू गिरि, ऋषभकांत गिरि, आकाश अग्रवाल, विशाल, कुलभूषण जोशी, सुभाष जोशी, दीपू गिरि, महेंद्र सैनी, मुनेश शर्मा, पवन शर्मा, कैस खुराना, आजाद बैरागी, रवि चौहान, सौरभ, मानव, अर्चित चौहान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पंश्चिम बंगाल में दूसरे चरण की वोटिंग पर राजनीतिक दलों व आम लोगों की गड़ी नज़र

**धामपुर ( चिंगारी )।** पश्चिम बंगाल में आज विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग को लेकर धामपुर में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और आम जनता में उत्सुकता बनी हुई है। विधानसभा चुनाव में रुचि रखने वाले लोग आज सुबह से ही टीवी स्क्रीन के विभिन्न चैनलों पर समाचार देखकर वास्तविक स्थिति की जानकारी हासिल करते रहे। जनता द्वारा पश्चिम बंगाल में हो रहे चुनाव के मतदान की पल-पल की जानकारी लेने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी उपयोग किया जा रहा है। इस बार पश्चिम बंगाल का चुनाव हाई वोल्टेज प्रतीत हो रहा है जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तीसरी बार बहुमत से चुनाव जीत कर सरकार बनाने के लिए जी तोड़ कोशिश कर रही हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और सरकार ने पश्चिम बंगाल के चुनाव को राष्ट्रीय सुरक्षा, बंगाली अस्मिता, घुसपैठ और नारी सम्मान से जोड़ते हुए प्रदेश में सरकार बनाने के लिए अपने तरकश में रखा हुआ हर तीर छोड़कर माहौल को अपने पक्ष में करने का भरपूर प्रयास किया है। फिलहाल आज की वोटिंग पर यह निर्भर रहेगा की 4 मई की तारीख में चुनाव परिणाम क्या रहता है और जीत का सेहरा किसके साथ सजता है।

# यातायात सुरक्षा के मानकों का नहीं हो रहा पालन

## बिना फिटनेस चैक किये चल रहे स्कूली वाहन

**धामपुर ( चिंगारी )।** सड़क सुरक्षा वैसे तो समाज के हर व्यक्ति की जिंदगी से जुड़ी हुई है इसलिए यह जरूरी है कि सड़क सुरक्षा को पूर्ण मानकों के अनुसार सुरक्षित बनाया जाए। परंतु धामपुर नगर में इसका पूरी तरह पालन नहीं किया जा रहा है। इसके लिए यातायात पुलिस के साथ नागरिकों की लापरवाही को प्रमुख कारण माना जा रहा है। आजकल स्कूल और कॉलेज में बच्चों को ले जाने के लिए लगे हुए वाहन बिना फिटनेस चेक किए हुए चल रहे हैं। जिनमें आए दिन समस्या आती रहती है और दुर्घटना होने का भय बना रहता है। बताया जाता है कि पिछले दिनों इकडा नदी की पुलिया के पास एक ई रिक्शा जब अचानक खराब हो गई तो उसमें बैठे बच्चों में चीख पुकार मच गई।आसपास के लोगों ने आकर ई रिक्शा को पलटने से बचाया। तहसील प्रशासन द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिन स्कूलों द्वारा बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों के द्वारा निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। उनके संचालको के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। परंतु इसका पालन होता नजर नहीं आ रहा। उप जिला अधिकारी स्मृति मिश्रा का कहना है कि स्कूली बच्चों के जीवन से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# धामपुर कोतवाली को मिले 47 नये कांस्टेबिल

**धामपुर ( चिंगारी )।** कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों के मूलभूत अधिकारों की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग में शामिल हुए नए रिक्रूट आरक्षी के प्रशिक्षण के पूर्ण होने और दीक्षांत समारोह के बाद 47 रिक्रूट आरक्षी की धामपुर कोतवाली में तैनाती कर दी गई है। धामपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि नए रिक्रूट आरक्षी में 38 पुरुष तथा 9 महिला रिक्रूट आरक्षी की तैनाती गई है।

# 11 मई से होगी श्रीमद भागवत कथा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी के सिद्ध पीठ नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर पर आगामी 11 मई से प्रारंभ होने वाले आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। महोत्सव के मुख्य अतिथि धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा रहेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी कुंवर निहाल सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी शोभा रानी राजपूत रहेंगे। कथा व्यास के रूप में पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ महाराज व्यास पीठ पर विराजमान रहेंगे।

# भाकियू (टिकैत) ने दी 15 को आंदोलन की चेतावनी

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैट के तहसील अध्यक्ष गजेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 15 मई को प्रात: 11 बजे तहसील परिसर में एकत्र होकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि 15 मई को किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु सभी विभागों के अधिकारियों को बुलाकर एक-एक समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान आज अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि धामपुर तहसील क्षेत्र में स्थित गेहूं केय केंद्रों पर मानक के अनुरूप गेहूं की खरीद नहीं की जा रही है। इस अवसर पर महेंद्र सिंह कविराज सिंह, रिकू ठाकुर भी उपस्थित रहे।

# गीता जीना ने पेश की आत्मनिर्भरता की मिसाल



**नैनीताल ( चिंगारी )।** नैनीताल जिले के भीमताल ब्लॉक के चोपड़ा गांव की गीता जीना ने ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यक्रम (REAP) के तहत सिलाई प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। परियोजना के माध्यम से उन्हें 30,000 की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने सिलाई केंद्र स्थापित किया। आज गीता जीना न केवल अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में सिलाई सेवाएं प्रदान कर रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर सृजित कर रही हैं। उनकी मासिक आय लगभग 30,000 तक पहुंच गई है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और ग्रामीण महिलाओं को प्रेरणा मिल रही है। ग्रामोथान (REAP) परियोजना के माध्यम से गीता जीना को सहायता राशि प्रदान की गई। इंडिविजुअल एंटरप्राइज (व्यक्तिगत उद्यम) योजना के अंतर्गत कुल लागत 1,00,000 है, जिसमें 30,000 की सहायता राशि REAP द्वारा प्रदान की गई, 50,000 बैंक से ऋण के रूप में प्राप्त हुए 20,000 लाभार्थी का स्वयं का अंशदान है। गीता जीना वर्तमान में अपने गांव एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं के लिए सिलाई कार्य कर रही हैं। गीता की मासिक आय लगभग 30,000 है। गांव में लगभग 300 परिवार रहते हैं, जिन्हें कपड़े सिलवाने के लिए पहले 10 किमी दूर जाना पड़ता था। अब गीता जीना की सिलाई इकाई स्थापित होने से ग्रामीणों को पास में ही सुविधा उपलब्ध हो गई है और उन्हें दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

# आईएचएमएस की दो छात्राओं ने आईआईएम बोध गया में प्रस्तुत किये लघु शोध-पत्र



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेस (आईएचएमएस) की ओर से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बोधगया बिहार में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग किया गया, जिसमें कॉलेज के मैनेजमेंट विभाग की छात्राओं ने अपने लघु शोध प्रस्तुत कर सराहना बटोरी।

मैनेजमेंट विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रदीप भट्ट ने बताया कि गत दिनों इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बोधगया (बिहार) की ओर से आईएचएमएस कॉलेज को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए आमंत्रण दिया गया था, जिसमें कॉलेज में संचालित मैनेजमेंट कोर्स की दो छात्राओं अनीशा भंडारी और बिपाशा गुसाईं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता का रोजगार परिवर्तन पर प्रभाव विषय पर अपने लघु शोध प्रस्तुत करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। कहा कि यह तकनीक जहां एक ओर दोहराए जाने वाले और साधारण कार्यों को स्वचालित बनाकर कुछ पारंपरिक नौकरियों को कम कर रही है, वहीं दूसरी ओर नई प्रकार की नौकरियों के अवसर भी पैदा कर रही है, जैसे डेटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग और साइबर सुरक्षा। एआई के कारण कार्य करने का तरीका बदल रहा है, जिसमें मानव और मशीन का सहयोग बढ़ रहा है। इसलिए, यह जरूरी है कि शिक्षा प्रणाली और नीतियों में सुधार किया जाए, ताकि लोग इस परिवर्तन के दौर में बेहतर तरीके से खुद को तैयार कर सकें। अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन पर कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी, निदेशक प्रबंधन ले. कर्नल बीएस गुसाईं (सेनि), कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजयराज नेगी प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, पीआरओ नरेश थपलियाल और मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष सुरेंद्र जगवान ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

# मकतब-ए-ज़ीशान, कैसर-ओ-आल में हुआ अज़ीमुश्शान इजलास-ए-आम



**स्योहारा ( चिंगारी )।** मक़तब-ए-ज़ीशान कैसर-ओ-आल का अज़ीमुश्शान इजलास-ए- आम मुनआक़िद किया गया। इजलास की सदारत मौलाना अरशद अली हक्की ने की तथा निज़ामत मौलाना रिजवान अहमद ने की। प्रोग्राम में मुफ्ती फ़ुजैल साहब नजीबाबाद महमान-ए-ख़सूसी की हैसियत से शामिल हुए। ये सालाना इमामी प्रोग्राम तलबा के अपने-अपने दरज़ो (कक्षाओं) में पास होने के मद्देनज़र किया गया। सोने, खाना खाने, वज़ू वगैरहा की दुआएं पढ़ कर सुनाई गई, जिसको प्रोग्राम में शामिल मर्दों, औरतों सहित सभी सामाईन ने सराहा। इसके बाद मक़तब-ए-इन्तज़ामिया कमेटी की ओर से तलबा को रिपोर्ट कार्ड, सर्टिफिकेट शील्ड, मैडल इनामात से नवाज़ कर हौंसला अफ़ज़ाई की गई।

इसके अलावा मकतब में तालीम देने वाले 9 टीचर जिनमें जेंट्स और लेडीज़ दोनों को भी नगद धनराशि देकर इनाम से नवाजा गया। सारा प्रोग्राम अलहाज ज़ीशान अली खां की ज़ेरे निगरानी और सरपरस्ती में हुआ। प्रोग्राम में कारी शाहिद अली इमाम शाही मस्जिद स्योहारा, वरिष्ठ समाज़ सेवी डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, चौधरी महफ़ूज़ एडवोकेट, चौधरी हाजी शहबाज़ जमाल, चौधरी जुनैद उर रहमान, अफ़ज़ाल चौधरी, मुफ्ती शादाब अली, हाफ़िज़ इल्यास, मौलाना महफ़ूज़ उर रहमान, क़ारी नाज़िर अली, हाफिज मंसूर अली, मौहम्मद शाकिर पूर्व इंस्पेक्टर नगर पालिका, डॉक्टर आसिफ अंसारी, सरफराज़ आलम उर्फ़ भय्या जी, चौधरी आमिर उर्फ अर्शी भाई, असद अली चौधरी, सुलेमान अली सभासद, मौहमद आमिर, हज़रत गफ्फार, डॉक्टर अशरफ अली, फैज़ान उल हसन, कुर्बान अली अल्वी आदि सहित बड़ी संख्या मौ. आजिज़ हज़रात और तलबा के वालिदेन शामिल रहे।

## पास होने वाले तलबा को इनाम से नवाजा

**तलबा को पास होने पर इनामात से नवाज़ा गया और सर्टिफिकेट भी दिए गए। मकतब के अच्छे निज़ाम चलाने के लिए वरिष्ठ समाज सेवी डॉक्टर मनोज वर्मा और डॉक्टर आसिफ अंसारी ने मौलाना अरशद हक्की को चौधरी फ़ुरक़ान व अहलिया अवार्ड से नवाज़ा, जिसमें शील्ड और दस हज़ार रूपये की नगद धनराशि रही। तलबा को अच्छी तालीम और तरबियत देने के लिए सदर मदर्रीस मुफ़्ती मुज़म्मिल को चौधरी शफ़ीक़ व अहलिया एवार्ड समाजसेवी चौधरी शहबाज़ जमाल व हाफ़िज़ मंसूर अली के हाथों दिया गया। इसमें भी शील्ड और दस हज़ार रूपये की नगद धनराशि देकर हौंसला व इज़्ज़तफ़ज़ाई की गई।**

# डेढ़ लाख की चोरी में गांव के ही दो युवक गिरफ्तार

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** घर में रखें डेढ़ लाख रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने गांव के ही दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी युवकों से एक लाख 19 हजार रूपये भी बरामद करने का दावा किया। थाना क्षेत्र के गांव दौलताबाद निवासी जितेंद्र पुत्र प्रभु ने बताया कि 5 दिन पूर्व उसकी बेटी की शादी के भात व न्यौते में मिली लगभग डेढ़ लाख रुपए की नकदी थैली में रखकर संदूक में रख रखी थी। गांव के ही दो युवक अभिषेक पुत्र सुरेन्द्र व प्रशांत पुत्र अनिल बीती रात को किसी समय चुरा कर ले गए, जिनकी तहरीर थाने में दी गई थी। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। युवकों की निशान देही पर पुलिस ने युवकों से एक लाख 19 हजार रूप के 500 के 194 नोट, व 200 के 76 नोट,100 के 68 नोट बरामद किए। पुलिस चोरी की धाराओं में जेल भेज दिया।

# हिमालयन अस्पताल डोईवाला के कैम्प में 230 मरीजों की नि:शुल्क जांच



**किरतपुर ( चिंगारी )।** मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल में मरियम एजुकेशनल वैलफेयर सोसाइटी द्वारा हिमालयन अस्पताल, डोईवाला के सौजन्य से आंखों के चेकअप हेतु नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 250 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां व चिकित्सीय परामर्श नि:शुल्क प्रदान किया गया। कैंप का उद्घाटन सोसायटी अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा, एडवोकेट रनजीत चौधरी गौरव चौहान,डॉक्टर मोहित बंसल, मुंशी हसीनुद्दीन ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर स्वामी राम हिमालयन यूनिवर्सिटी (जॉली ग्रांट) की ओर से मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल की मैनेजर मरियम साइम राजा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सोसाइटी अध्यक्ष मौहम्मद साइम राजा ने कहा कि समाज सेवा के उद्देश्य से इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। शिविर को सफल बनाने में डॉ. एम. फैजान खान, प्रधानाचार्या फिरदौस जहां, रुपेश त्यागी, रियाज अहमद, शाह आलम सिद्दीकी, मौहम्मद मेहरबान, फरहाना, अर्शी, मुजफ्फर अली, आतिफ, दानिश, वसीम, सफिया, वजीहा, अरीबा, शब-ए-नूर, नूर अफ्शीं, तूबा, रुबीना अलीजा, राहीमा, अमरीन, सबा, निदा खान, मनतशा अंजुम, लायबा एवं सुमित शर्मा सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# सर सैयद गर्ल्स इंटरमीडिएट का रिजल्ट इस वर्ष भी रहा शत-प्रतिशत

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में कॉलेज के मीटिंग हॉल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सभासद पति एवं आसपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मोजिजयार खान द्वारा किया गया, जिसमें मेधावी छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रईस अहमद भट्टे वालों ने की, जबकि संचालन मोहम्मद शाहिद ने किया। अध्यक्ष रईस अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि जिस समय कॉलेज की स्थापना हुई थी, उस दौर में लड़कियों की शिक्षा को उतना महत्व नहीं दिया जाता था, लेकिन कमेटी के प्रयासों से आज यह संस्थान नगर में एक अलग पहचान बना चुका है। इस अवसर पर डॉ. मोजिजयार खान, अब्दुल वली, अब्दुल जब्बार मकरानी द्वारा मीडिया कर्मियों तथा आसपा नगर अध्यक्ष फैसल उल जमां खां, सभासद शाहनवाज उर्फ शानू और मोहम्मद मुशाहिद को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती शाहीन अख्तर ने बताया कि अपने कॉलेज हाईस्कूल में उमरा ने प्रथम, बारिरा ने द्वितीय और अलफिरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट में जैनब मिर्जा प्रथम, शाजिया परवीन द्वितीय तथा अलसबा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले की सूची में स्थान बनाने पर मनीष चौहान सम्मानित



**हरेवली ( चिंगारी )।** गत सप्ताह आए इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के परिणाम में जिले की सूची में स्थान बनाने पर विद्यालय प्रबंधन ने मनीष चौहान को स्कूटी देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्राम शहजादपुर स्थित तिरमल सिंह मेमोरियल इंटर कालेज के छात्र मनीष चौहान द्वारा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में जिले की सूची में स्थान बनाने पर विद्यालय में आयोजित एक समारोह के दौरान विद्यालय के प्रबंधक संजय चौहान ने मनीष चौहान को एक स्कूटी देकर सम्मानित किया तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि यह बच्चों की मेहनत तथा अध्यापकों का मार्गदर्शन का परिणाम हैं। उन्होंने घोषणा की कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। स्कूटी पाकर मनीष चौहान गदगद नजर आए। मनीष चौहान ने बताया कि यह उनकी मेहनत और अध्यापकों का मार्गदर्शन का परिणाम है।

# टीएमएम के छात्रों ने इस वर्ष भी सफलता का परचम लहराया



महिमा चौहान | महक राजपूत | अंशिका राजपूत | वंशिका राजपूत | मनीष चौहान | सृष्टि चौहान | भावना प्रजापति

**हरेवली ( चिंगारी )। ग्राम शहजादपुर में स्थित तिरमल सिंह मेमोरियल इंटर कालेज के छात्रों ने हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सफलता का परचम लहराकर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। इंटरमीडिएट के छात्र मनीष चौहान ने 88.6 अंक प्राप्त कर जिले की सूची में नाम अंकित कराकर क्षेत्र में सफलता का झंडा गाड़ दिया। इंटरमीडिएट की परीक्षा में मनीष चौहान विद्यालय में प्रथम, सृष्टि चौहान 87.1 प्रतिशत द्वितीय स्थान, भावना प्रजापति 86.6 प्रतिशत लाकर तृतीय स्थान पर रही। हाई स्कूल की परीक्षा में वंशिका राजपूत 88.5, अंशिका राजपूत 88.5 प्रतिशत प्रथम, महिमा चौहान 88 प्रतिशत द्वितीय, महक राजपूत 87.8 प्रतिशत लाकर तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय प्रबंधक संजय चौहान ने बताया कि यह सब छात्रों की मेहनत अध्यापकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग से ही संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य बच्चों के अच्छे अंक लाने के साथ ही उनका सर्वांगीण विकास करना तथा एक अच्छा नागरिक बनाना है।**

# पति-पत्नी की नीयत में खोट

## दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

नूरपुर ( चिंगारी )। पति-पत्नी विवाद में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनों ओर से मुकदमे दर्ज कर लिये हैं। नूरपुर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी महिला मीना कुमारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका अपने पति दीपक से विवाद चल रहा है। गत 26 अप्रैल को उसका पति दीपक अपने भाई अशवनी के साथ उसके घर आया था। बातचीत के दौरान वह उत्तेजित हो गए। दोनों ने उसके पिता के साथ गली गलौज करते हुए मारपीट की। महिला का यह भी आरोप है कि मारपीट के दौरान उसके देवर अशवनी ने जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड से उस पर हमला किया। उधर महिला के पति काशीपुर निवासी दीपक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका अपनी पत्नी से तलाक का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। गत 26 अप्रैल को वह अपने बच्चों से मिलने नूरपुर आया था। बच्चों को लेकर वह गाड़ी में बैठ रहा था, तभी उसकी पत्नी गाली-गलौच करने लगी। मैंने उसे समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। पीड़ित का आरोप है कि इस बीच उसके पिता मनोहर सिंह व भाई अतुल भी आ गए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से उसके साथ मारपीट की। उसके साले ने जान से मारने की नीयत से उसका गला दबाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि करते हुये बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# सोमनाथ पर्व यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं ने डीएम व सीडीओ से की शिष्टाचार भेंट

बिजनौर ( चिंगारी )। श्री सोमनाथ पर्व यात्रा से सकुशल लौटने के पश्चात डॉ. नरेंद्र सिंह एवं श्री रामनाथ सिंह ने बिजनौर पहुंचकर जिला अधिकारी श्रीमती जसजीत कौर एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री रण विजय से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान अधिकारियों को प्रसाद अर्पित कर संपूर्ण यात्रा के अनुभवों से अवगत कराया। बताया गया कि सोमनाथ पर्व यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आयोजित की गई थी। यात्रा के दौरान गुजरात स्थित प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी किया गया, जिसे उत्तर प्रदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं ने एक साथ सुना। डॉ. नरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमनाथ मंदिर, गुजरात में उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने, ठहरने तथा सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे सभी यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।



## मां की डांट से नाराज होकर गई किशोरी मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर मिली

नांगल सोती ( चिंगारी )। मां की डांट से नाराज हुई नाबालिग लड़की (किशोरी) को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने की पिता की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की। किशोरी, जीआरपी मुरादाबाद को रेलवे स्टेशन पर मिल गई, जिसे स्थानीय पुलिस ने वहां पहुंचकर बरामद कर लिया है। नांगल थानांतर्गत एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि विगत 25 अप्रैल को उसकी पत्नी ने उसकी 15 वर्षीय पुत्री को किसी कारण से डांट दिया था, जिससे उसकी पुत्री नाराज हो गयी थी। इस बात का फायदा उठाकर कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार की रात्रि में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध बीएनएस की धारा 137 (2) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया। सूत्रों के अनुसार सोमवार-मंगलवार की रात्रि में किशोरी को अकेले मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर घूमते हुए देखकर जीआरपी मुरादाबाद ने उससे पूछताछ की। पूछताछ में सारी बात सामने आने पर जीआरपी मुरादाबाद ने इसकी सूचना बिजनौर पुलिस को दी। स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को मुरादाबाद पहुंचकर किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है तथा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## गर्मी से जूझ रहे लोगों को बादल छाने से राहत

नांगल सोती ( चिंगारी )। कई दिनों से आसमान से बरस रही आग से कल तथा आज आंशिक रूप से छाये बादलों के कारण लोगों को काफी राहत मिली है। मौसम विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को (कल) बारिश की संभावना भी व्यक्त की जा रही है। जब से अप्रैल का चौथा सप्ताह शुरू हुआ था, सूरज ने आग उगलनी शुरू कर दी थी। अप्रैल के महीने में मई जैसी भीषण गर्मी पड़ने लगी थी। दोपहर के समय बाजार सूने होने लगे थे। लोग अभी से गर्मी से त्राहिमाम-त्राहिमाम करने लगे थे। मगर कल तथा आज आसमान से बरसने वाली आग से लोगों को काफी राहत मिली है। दरअसल आसमान में आंशिक रूप से बादल छाये हुए हैं। बादलों के कारण सूर्य की आग उगलती किरणें सीधे पृथ्वी पर नहीं पड़ रही हैं। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। कल भी आंशिक बादल दोपहर तक छाये रहे थे। कल दोपहर के बाद बादल छंट गये थे और धूप निकल गई थी, लेकिन फिर भी उसमें बहुत ज्यादा तपिश नहीं थी। कल की भांति आज भी आसमान में आंशिक बादल छाये हुए हैं, जो बारिश की संभावना को जन्म दे रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार बृहस्पतिवार को (कल) बारिश की संभावनायें नजर आ रही हैं।

## आत्मनिर्भर बनेंगी हम, पालेज लगाकर महिलाओं ने बढ़ाया कदम

बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत अभिनव स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने पोषण वाटिका (पालेज) लगाकर आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। विकास खण्ड हल्दौर में दारानगर गंज निवासी अभिनव स्वयं सहायता की श्रीमती रेनू पत्नी बबलू ने समूह से एक लाख रुपए ऋण के रूप में लेकर पोषण वाटिका (पालेज) का कार्य शुरु किया। अच्छी फसल को देखकर समूह की महिलाएं प्रियंका, नीतल, पिंकी, रेनू फूली नहीं समा रही, क्योंकि तरबूज,खरबूजा,ककड़ी,खीरा,लोकी और काशिफल की पैदावार अच्छी हो रही है। श्रीमती रेनू ने बताया कि पालेज में जैविक खाद का उपयोग विशेष रूप से किया जा रहा है। इस कारण से स्वादिष्ट फलों की पैदावार अच्छी रहने वाली है। उन्होंने कहा कि समूह से जुड़ने के बाद हम महिलाएं भी आर्थिक रूप से समृद्ध होकर आत्मनिर्भर बन जाएंगे। सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) अजय पाल ने स्वयं मौके पर जाकर पोषण वाटिका (पालेज) का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि समूह से जुड़कर महिलाएं छोटे-छोटे रोजगार कर अपने परिवार के लिए आर्थिक समृद्धि का आधार बनने में सहायक होंगी।



# गजेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष व मोहम्मद रियाज जिला मंत्री निर्वाचित



बिजनौर ( चिंगारी )। राकेश कुमार शर्मा जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की देखरेख में उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ शाखा राजकीय आईटीआई, बिजनौर का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से संतराम सिंह संरक्षक, गजेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष, विपिन कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहम्मद रियाज जिला मंत्री, सोनू संयुक्त मंत्री, अशोक कुमार प्रचार मंत्री, अमित कुमार संगठन मंत्री, मोहम्मद परवेज कोषाध्यक्ष, धर्मेंदर कुमार एवं धर्मवीर सिंह ऑडिटर निर्वाचित हुए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए अपेक्षा की गई कि अब संगठन पहले से अधिक मजबूत होकर कर्मचारी हित में कार्य करेगा। इस अवसर पर योगेश कुमार, मनोज कुमार, सुशील कुमार अरविंद कुमार, श्याम सिंह आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को मंजुल मयंक प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई बिजनौर ने शुभकामनाएं दीं।

# जन आक्रोश पदयात्रा में उमड़ा महिलाओं का हुजूम

**किरतपुर ( चिंगारी )। लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के संबंध में 131वां संविधान संशोधन प्रस्ताव को विपक्ष द्वारा गिराए जाने के विरोध में मंगलवार को किरतपुर नगर मंडल में भाजपा की ओर से जन आक्रोश महिला पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विपक्ष की कथित हठधर्मिता के खिलाफ अपना जन आक्रोश प्रकट करते हुए विपक्ष का पुतला फूंका। पदयात्रा किरतपुर नगर मंडल में हरिहर मंदिर से स्टेशन चौराहे तक पहुंचकर समाप्त हुई।**




इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने कहा कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर विपक्ष का रवैया महिलाओं के साथ अन्याय है। सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, देश एवं भाजपा कार्यकर्ता इस अपमान को नहीं सहेंगे और आने वाले चुनाव में इसका जवाब दिया जाएगा। जन आक्रोश रैली में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी कालरा, जिला सहसंयोजक आईटी विभाग अनुज अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर, नगर महामंत्री शिवम सिंघल, बृजमोहन राजपूत, नगर उपाध्यक्ष विकास राजपूत, विकास चौहान, अवनीश राठी, सूरज वाल्मीकि, आकाश जैन, अशोक चौधरी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नवनीत राजपूत,पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह राजपूत, महिला मोर्चा बिना राणा, मंजू चौहान, मोनिका कॉलरा, सीमा अग्रवाल, राजबाला, कविता चौहान, पारुल गोयल, सत्तो देवी, लक्ष्मी देवी, आदेश राणा, पुष्प राजपूत, दामिनी कालरा, रंजन तनेजा, सीमा गर्ग, सानू कुमारी, रेनू, नगर मंत्री रुक्मणी कश्यप, नीरू कश्यप एडवोकेट, रामगोपाल, भाजपा सभासद कन्हैया राणा, मयंक अग्रवाल, डॉक्टर दुष्यंत राजपूत, अल्पसंख्यक मोर्चे के अध्यक्ष डॉक्टर अमजद, शक्ति केंद्र संयोजक अमित अग्रवाल एडवोकेट, फिरोज कादरी, यशपाल तोमर, मोहम्मद अजीम, मगन सिंह, बूथ अध्यक्ष ललित राजपूत, मुन्नू भगत, अंशुल राजपूत, ऋषभ ठाकुर, ललित कुमार, फुरकान अहमद, इकरार अहमद, मोबीन अहमद, महेंद्र सिंह, मुन्नू सिंह, रंजीत कुमार, रशीद अहमद, शमीम अहमद आदि कार्यकर्ता रहे।

# राजस्थान रॉयल्स ने रोका पंजाब किंग्स का विजय रथ

**मुल्लांपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** राजस्थान रॉयल्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए आईपीएल में पंजाब किंग्स का विजय रथ मंगलवार को रोक दिया।

यह पंजाब की आईपीएल 2026 में किसी टीम के हाथों पहली हार है।

राजस्थान नौ मैचों में छठी जीत और 12 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है।

हालांकि पंजाब आठ मैचों में पहली हार के बावजूद 13 अंकों के साथ तालिका में पहले स्थान पर बनी हुई है। पंजाब ने प्रभसिमरन सिंह (59) और मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 62) के अर्धशतकों से पंजाब किंग्स ने आईपीएल मुकाबले में चार विकेट पर 222 रन का मजबूत स्कोर बनाया, लेकिन राजस्थान ने 19.2 ओवर में चार विकेट पर 228 रन बनाकर छह विकेट से शानदार जीत दर्ज की।



यशस्वी जायसवाल ने 51, डोनोवन फरेरा ने नाबाद 52 और वैभव सूर्यवंशी ने 43 रन बनाये। जायसवाल ने 27 गेंदों में सात चौके और एक छक्का, फरेरा ने 26 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के तथा सूर्यवंशी ने 16 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के मारे। कप्तान रियान पराग ने 16 गेंदों में 29 रन का योगदान दिया। पराग ने दो चौके और दो छक्के मारे।

पंजाब किंग्स को पहली बार इस सीजन हार का स्वाद चखना पड़ा। अपने होम ग्राउंड में उनका इस सीजन का यह आखिरी लीग मैच था और वो मुकाबला हार गए। टीम ने पहले खेलते हुए 222 रन बनाए थे। वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने पहले विकेट के लिए 3.2 ओवर में 51 रनों की साझेदारी कर राजस्थान को बेहतरीन शुरूआत दी। हालांकि 151 तक चार विकेट गिर गए थे, लेकिन फरेरा और इम्पैक्ट प्लेयर शुभम दुबे (नाबाद 31) की साझेदारी ने मैच को एकतरफा कर दिया।

# ट्रंप ने ईरान की घेराबंदी जारी रखने का आदेश दिया

**वाशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिका और ईरान के बीच बात ठप होने के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रशासन को ईरान की घेराबंदी जारी रखने के निर्देश दिये हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, व्हाइट हाउस में सोमवार को शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ हुई बैठक में श्री ट्रंप ने ईरान की अर्थव्यवस्था और तेल निर्यात पर दबाव बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया है। इसके तहत ईरानी बंदरगाहों से होने वाली जहाजों की आवाजाही को पूरी तरह रोकने की रणनीति अपनाई गई है। ट्रंप वर्तमान में अपनी इस मांग को छोड़ने के पक्ष में नहीं हैं कि ईरान कम से कम 20 वर्षों के लिए अपने परमाणु संवर्धन को स्थगित करने की शपथ ले और उसके बाद भी कड़े प्रतिबंधों को स्वीकार करे। ट्रंप ने अपने सहयोगियों से कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और परमाणु वार्ता को बाद की वार्ताओं के लिए छोड़ने का ईरान का तीन चरणों वाला प्रस्ताव यह साबित करता है कि ईरान नेक नीयत से बातचीत नहीं कर रहा है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्ध में अपने सैन्य उद्देश्यों को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि ईरानी बंदरगाहों की सफल घेराबंदी के कारण, अमेरिका के पास अब अधिकतम लाभ की स्थिति है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि घेराबंदी जारी रहने से संघर्ष लंबा खिंच रहा है, जिससे गैस की कीमतों में वृद्धि हुई है।

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताएं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताएं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाएँ जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाएँ उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना 2. हाथ-पैर ऐंठ जाना 3. शरीर का अकड़ना 4. मुंह से झाग निकलना 5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION) 2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZO-PHRENIA) 3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D) 4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION) 5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM) 6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE) 7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा ₹8/- PER SQ.FT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

# योगी के दौरे से अफजलगढ़ के तहसील बनने की फिर आस जगी

## 2 मई को है सीएम का प्रस्तावित दौरा


## मंडी समिति के ऐलान की भी उम्मीद कर रहे लोग


मलकीत सिंह


खेल सिंह राजपूत


सरदार दर्शन सिंह फौजी


शरीफ कस्सार


इस्माईल तुर्क


मौ. रिजवान

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अफजलगढ़ के प्रस्तावित दौरे को लेकर लोग क्षेत्र के विकास के लिए उनसे कई बड़ी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। क्षेत्र हित में उनसे कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की संभावना को लेकर लोगों में चर्चाएं तेज हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगामी 2 मई को अफजलगढ़ क्षेत्र का दौरा प्रस्तावित है, जिसे लेकर जनपद के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तैयारी में लग गए हैं। अफजलगढ़-धामपुर रोड स्थित ग्राम आलमपुर गांवड़ी में क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह के फार्म हाउस पर प्रस्तावित सभास्थल का प्रशासन द्वारा जायजा लिए जाने के बाद वहां कार्यक्रम से संबंधित तमाम व्यवस्थाओं को पूरा करने का काम जोरों पर है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर भाजपाई उत्साहित नजर आ रहे हैं, साथ ही क्षेत्रवासियों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा क्षेत्र के विकास हेतु कुछ बड़ी घोषणाओं की उम्मीदों को लेकर एक-दूसरे के बीच चर्चाएं तेज हैं। क्षेत्र के विकास और क्षेत्रवासियों की कुछ प्रमुख समस्याओं के समाधान को लेकर बीते काफी वर्षों से की जा रही कई प्रमुख मांगों के पूरा हो जाने की अब लोग उम्मीद जता रहे हैं। वर्षों से लंबित क्षेत्रवासियों की मुख्य मांगों में अफजलगढ़ को तहसील का दर्जा दिए जाने और क्षेत्र में सब्जी व फल मंडी की स्थापना की मांग पहले नंबर पर है, जबकि इन दोनों प्रमुख मांगों के अलावा अफजलगढ़ में रोडवेज बस स्टैंड, माधोवाला-नारायणवाला के बीच नदी पर पुल निर्माण एवं क्षेत्रवासियों की जान-माल से जुड़ा सबसे अहम गुलदार से मुकम्मल बचाव का मुद्दा भी बेहद जरूरी मांगों में शामिल है। अब देखना यह है कि अफजलगढ़ क्षेत्र में आने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क्षेत्र के विकास एवं क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान के दृष्टिगत इनमें से किन-किन मांगों को पूरा करने की घोषणा कर पाते हैं। क्षेत्रवासियों को कुछ परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अफजलगढ़ को तहसील का दर्जा व क्षेत्र में मंडी समिति की स्थापना में से किसी एक मांग की घोषणा की पूरी उम्मीद है।

इस बाबत भाजपा (अ.मो.) के जिलाध्यक्ष क्षेत्र के ग्राम कल्लूवाला निवासी सरदार मलकीत सिंह का कहना है कि हम बिल्कुल चाहते हैं कि क्षेत्र हित की ये सभी मांगें पूरी हों और विधायक जी भी क्षेत्र के विकास हेतु प्रयासरत हैं, साथ ही योगी जी भी विकास के पक्षधर हैं, जो करेंगे उम्मीद है अच्छा ही होगा। भाजपा कि.मो. के जिलाध्यक्ष ग्राम हिदायतपुर निवासी खेल सिंह राजपूत कहते हैं कि क्षेत्र के ये कई प्रमुख मुद्दे विधायक सुशांत सिंह उचित पटल पर रखे हुए हैं और योगी जी भी क्षेत्र के लिए बेहतर ही करेंगे। भाकियू (अराजनैतिक) के तहसील अध्यक्ष सरदार दर्शन सिंह फौजी का कहना है कि क्षेत्र के विकास के लिए तहसील व मंडी समिति की स्थापना बेहद जरूरी है जिसकी घोषणा योगी जी को प्रमुखता से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम इन दोनों मांगों की विधिवत ऐलान की उनसे पुरजोर मांग करते हैं। सपा (अ.स.) के वि.स. क्षेत्र अध्यक्ष शरीफ कस्सार कहते हैं कि मुख्यमंत्री को अपने यहां आने पर क्षेत्रवासियों की बहुत पुरानी अफ़ज़लगढ़ को तहसील बनाने की मांग को पूरा करते हुए इसकी घोषणा अवश्य करनी चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौ. इस्माईल तुर्क का मानना है कि जनता को सीएम के आगमन से काफी उम्मीदें रहती हैं, जिसके तहत उन्हें अफजलगढ़ को तहसील, क्षेत्र में मंडी समिति व अफजलगढ़ में रोडवेज बस स्टैंड जैसी प्रमुख मांगों को पूरा करते हुए इनका ऐलान जरूर करना चाहिए। भाकियू (तोमर) के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष (प.उ.प्र.) मौ. रिजवान ने क्षेत्रवासियों विशेषकर किसान हित के लिए तहसील व मंडी समिति को बेहद जरूरी बताया और सीएम योगी आदित्यनाथ से इनकी घोषणा किए जाने की मांग की है। कुल मिलाकर विधानसभा चुनाव नजदीक होने के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अफजलगढ़ क्षेत्र का यह प्रस्तावित दौरा क्षेत्र के लिए कितना लाभकारी साबित होगा यह तो उनके आने के बाद ही पता चल पाएगा।

## शीत युद्ध जैसी लंबी रणनीतिक प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ता दिख रहा है अमेरिका-ईरान टकराव

**वॉशिंगटन/तेहरान (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब प्रत्यक्ष युद्ध से अधिक आर्थिक दबाव, नौसैनिक गतिविधियों और सीमित कूटनीतिक संकेतों पर आधारित लंबे गतिरोध का रूप लेता दिखाई दे रहा है, जिसकी तुलना शीत युद्ध जैसी स्थिति से की जा रही है। विश्लेषकों के अनुसार, मौजूदा परिदृश्य न युद्ध, न समझौता जैसी स्थिति में बदल सकता है। ऐसे में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति लंबे समय तक पश्चिम एशिया में बनी रह सकती है और होर्मुज जलडमरूमध्य पर प्रतिबंध और नौसैनिक नाकेबंदी जारी रह सकती है। रिपोर्टों के मुताबिक दोनों पक्ष फिलहाल प्रत्यक्ष निर्णायक टकराव से बचते हुए एक-दूसरे पर दबाव बनाए रखने की रणनीति अपना रहे हैं।

## धोखाधड़ी से बहुमूल्य भूमि हड़पने का मुक़दमा दर्ज कर पुलिस साक्ष्य जुटाने में जुटी

**शेरकोट (चिंगारी)।** शेरकोट सहकारी आवास समिति लिमिटेड के सदस्य द्वारा सोमवार को 14 लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा कर समिति की बहुमूल्य भूमि हड़पने का मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने मामले की जांच कर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिये हैं। गौरतलब है कि नगर के मुहल्ला नौधना निवासी शेरकोट सहकारी आवास समिति के सदस्य शाहिद अली ने बिजनौर निवासी मौ. तालिब उनके समधी पूर्व विधायक मौ. गाज़ी सहित 14 लोगों पर धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा कर 51 सदस्यीय की सहकारी आवास समिति की लगभग 50 करोड़ रूपए की जमीन हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस व अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की गुहार की थी, जिस पर सोमवार को पुलिस ने तालिब व मौ. गाज़ी सहित 14 लोगों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। इस प्रकरण में मंगलवार की शाम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवादित भूमि का निरीक्षण किया और वादी के बयान दर्ज कर मामले से सम्बंधित साक्ष्य भी जमा किये। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार का कहना है कि मामले की गहनतापूर्वक जांच की जा रही है, दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।






# केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित- सीएम धामी

## बिल पारित होने पर वंशवादी दलों की दुकानें बंद हो जायेंगी

**-एस पी अरोड़ा**

देहरादून (चिंगारी)। उत्तराखंड के विधानसभा के एक दिन के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में शपथ लेने के साथ ही नारी सशक्तिकरण को शासन की प्राथमिकता में रखकर कार्य करना प्रारम्भ कर दिया था। यही कारण है कि पिछले 11 वर्षों में जेंडर बजट में पांच गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। वर्ष 2026-27 के बजट में महिलाओं और बालिकाओं के कल्याण हेतु 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2015 में शुरू हुए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ 'अभियान से पिछले 11 वर्षों में लिंगानुपात और बालिका शिक्षा में उल्लेखनीय परिवर्तन आए हैं। पिछले



11 वर्षों में महिला-पुरुष लिंगानुपात में 12 अंकों की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही, माध्यमिक स्तर पर स्कूलों में लड़कियों का कुल नामांकन अनुपात 3 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ा है। मुख्यमंत्री धामी ने आगे कहा कि 'प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना' के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही, 'स्वच्छ भारत मिशन' के द्वारा घर-घर शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं को गरिमा और सुरक्षा प्रदान की गई है। जिससे खुले में शौच की समस्या से मुक्ति मिली और महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सम्मान दोनों की रक्षा हुई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को इस कुप्रथा से कानूनी संरक्षण प्रदान करने का काम किया है। जबकि पूर्व में सरकारों ने इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट तक बदलने का काम किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कुछ लोग उत्तराखंड में भी महिला आरक्षण पर वही झूठ और भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि परिसीमन के बाद उत्तराखंड विधानसभा में कुल सीटों की संख्या 105 हो सकती थी, जिसमें से 35 महिलाओं के लिए आरक्षित हो सकती थीं। इसी तरह सांसदों कि संख्या भी 5 से बढ़कर 7 या 8 हो जाती, इससे हर किसी का फायदा ही था, फिर भी विपक्ष ने बिल पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि यदि सामान्य घरों से महिलाएं राजनीति में आ जाएंगी तो कुछ दलों की वंशवादी राजनीति की दुकानें बंद हो जाएंगी।

## रोटरी स्वर्ण जयंती की तैयारी जोर-शोर से जारी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** रोटरी क्लब की ओर से 21 जून 2026 को बलभद्रपुर स्थित एक बारातघर में आयोजित होने वाले रोटरी स्वर्ण जयन्ती समारोह के आयोजन के लिए समारोह समितियों का गठन किया गया। क्लब के प्रवक्ता गोपाल बंसल ने बताया कि समारोह समिति में वाईपी गिलरा को समारोह आयोजन समिति का मुख्य चेयरमेन, कमल गुप्ता को सह चेयरमेन व स्मारिका को चेयरमेन, अनीत चावला को सह चेयरमेन व चेयरमेन फंड रैजिंग, सचिन गोयल को सह चेयरमेन व समारोह स्थल चेयरमैन, धनेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, मनीष अग्रवाल को चेयरमेन स्वागत समिति, गोपाल बंसल को जन सम्पर्क अधिकारी एवं सह संयोजक रैली, सुमित अग्रवाल को चेयरमैन फंड रैजिंग, अमित अग्रवाल को चेयरमेन रजिस्ट्रेशन, ज्योति स्वरूप उपाध्याय को चेयरमेन रैली व कुलदीप अग्रवाल को चेयरमेन केटरिंग समिति चयनित किया गया।

## जिन्होंने पाया टापर्स का स्थान विद्यालय में हुआ उनका सम्मान

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में परिषदीय बोर्ड परीक्षा में अव्वल प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के परीक्षा प्रभारी रोहित बलोदी एवं राहुल भाटिया ने बताया कि इस वर्ष परिषदीय बोर्ड परीक्षा 2025-26 में विद्यालय का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 92.06 प्रतिशत एवं इंटरमीडिएट का परिणाम प्रतिशत 91.48 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल स्तर पर छात्र वर्ग में अभिनव नेगी ने 90.6 प्रतिशत एवं छात्रा वर्ग में विभूति गौड़ ने 86.4 प्रतिशत के साथ विद्यालय टॉप किया। इंटरमीडिएट स्तर के मानविकी वर्ग में छात्र रोहित भट्ट ने 92.2 प्रतिशत, विज्ञान वर्ग में अभिषेक आदर्श ने 88.8 प्रतिशत, कॉमर्स वर्ग में छात्र विपुल सिंह रावत ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। विद्यालय के प्रबंधक कालिका प्रसाद नैथानी एवं उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला ने सभी विद्यालय टॉपर्स को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कार्यालय प्रमुख राकेश चमोली, भूपेंद्र सिंह, शिवराम बडोला, राजन कुमार, मोहन सिंह, सुबोध ध्यानी, संगीता रावत और संगीता कुकशाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## निबंध लेखन में आयुश्री, भाषण में श्रेया आई प्रथम

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में इतिहास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विभागीय परिषद के अंतर्गत आयोजित निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विभाग प्रभारी डॉ. प्रवीन जोशी ने बताया कि उत्तराखंड के ऐतिहासिक स्थलों का सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में आयुश्री त्रिपाठी ने प्रथम, दीक्षा घिल्डियाल ने द्वितीय व आंचल रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय परआयोजित भाषण प्रतियोगिता में श्रेया नेगी पहले, आंचल रावत दूसरे व दीक्षा घिल्डियाल तीसरे स्थान पर रही। विजेताओं को प्राचार्य प्रो. डी एस नेगी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## शिक्षण के बाद जनगणना कार्य पर शिक्षकों ने जताया विरोध

**कोटद्वार (चिंगारी)।** राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल शाखा ने जनगणना निदेशक के उस आदेश पर नाराजगी व्यक्त की है जिसमें शिक्षकों को शिक्षण कार्य के बाद ही जनगणना कार्य किए जाने के आदेश दिए गए हैं। इस संबंध में मंडलीय अध्यक्ष जयदीप रावत व मंत्री मनमोहन सिंह चौहान द्वारा प्रांतीय नेतृत्व को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि शिक्षकों के द्वारा शिक्षण व जनगणना कार्य एक साथ किया जाना किसी भी स्थिति में संभव नहीं है क्योंकि अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी उनके कार्यस्थल से 40 से 50 किलोमीटर की दूरी पर लगाई गई है। इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है अगर विद्यालय नवीन समय सारिणी के अनुसार 2.05 पर बंद होता है तो ऐसे में शिक्षकों को लंबी दूरी तय कर घर-घर पहुंचकर जनगणना कार्य करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। पत्र में प्रांतीय नेतृत्व से इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर सकारात्मक हल निकालने के प्रयास करने की मांग की गई है।

## बेस अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला को दी नई जिन्दगी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** राजकीय बेस अस्पताल कोटद्वार के चिकित्सकों ने एक महिला का जटिल ऑपरेशन कर अपनी दक्षता का परिचय दिया है। अस्पताल की कुशल मेडिकल टीम ने गोविंदनगर क्षेत्र की एक 47 वर्षीय महिला के पेट से 5 किलोग्राम वजन का ओवेरियन सिस्ट निकालकर उसे नई जिंदगी दी है। चिकित्सालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला लंबे समय से पेट में दर्द और लगातार पेट फूलने की समस्या से जूझ रही थी। परेशानी अधिक बढ़ने पर जब उसने राजकीय बेस अस्पताल में डॉक्टर्स से परामर्श लिया, तो जांच के दौरान उसके पेट में एक विशाल ओवेरियन सिस्ट का पता चला। इस पर डाक्टरों ने महिला का आपरेशन करने का निर्णय लिया और सोमवार को सर्जन डॉ. सतीश कुमार और डॉ. मयंक नौटियाल की टीम ने चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सफलतापूर्वक संपन्न करते हुए महिला के पेट से लगभग 5 किलो का सिस्ट बाहर निकाला। महिला का सफल आपरेशन करने पर विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र नेगी सहित समस्त अस्पताल प्रबंधन ने डॉक्टरों की टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## कलक्ट्रेट परिसर में सीडीओ ने जनता दरबार लगाया बुजुर्गों ने पुत्रों व पुत्रवधुयों द्वारा उत्पीड़न का दुखड़ा सुनाया



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट परिसर में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में जनसुनवाई/जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जनसामान्य द्वारा भूमि विवाद, अवैध कब्जा, अतिक्रमण, मारपीट, भरण-पोषण, अतिक्रमण, आर्थिक सहायता, सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न विषयों से संबंधित 167 शिकायतें, समस्याएं दर्ज कराई गई। शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया, जब कि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए विधि सम्मत एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### 167 शिकायतें दर्ज, अधिकांश का मौके पर समाधान

समाजिक सरोकार से जुड़े मामलों में फतेहपुर निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग बीर सिंह ने जनता दरबार में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि उनका पुत्र एवं पुत्रवधु उनके साथ मारपीट करते हैं। उन्होंने बताया कि थाने में कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस स्थिति से आहत होकर उन्होंने अपने पुत्र को संपत्ति से बेदखल कर दिया, फिर भी दोनों उनके घर में जबरन रहकर प्रताड़ित कर रहे हैं। इस पर सीडीओ ने पुलिस अधीक्षक को वरिष्ठ नागरिक अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

इंद्रा कॉलोनी निवासी 68 वर्षीय बुजुर्ग अशोक कुमार धवन ने भी अपने पुत्र द्वारा मारपीट एवं दुर्व्यवहार किए जाने तथा जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई, इस पर संबंधित अधिकारियों को वरिष्ठ नागरिक अधिनियम के अंतर्गत त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। हरेकृष्णा विहार निवासी 62 वर्षीय शकुंतला कौर ने बताया कि उनका पुत्र और बहू उनके 75 वर्षीय पति सहित उन्हें प्रताड़ित कर घर से निकालने का प्रयास कर रहे हैं। इस पर एसडीएम को भरण-पोषण अधिनियम के तहत वाद दायर कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

जनता दरबार में अपर जिलाधिकारी वि.रा केके मिश्रा, एसडीएम स्मृता परमार, एसडीएम अपूर्वा सिंह, एसडीएम कुमकुम जोशी, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी वीके ढौंडियाल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701